दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। शुक्रवार 14 फरवरी-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 56 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3













जारी है.....

कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी
कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली | शुक्रवार 14 फरवरी-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 56 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

# अभी यथावत लगेंगे साप्ताहिक बाजार
## जब बनेगी नई टाउन वेंडिंग कमेटी तब बदलेगा स्थान

### 15 दिन के भीतर नई टाउन वेंडिंग कमेटी का होगा चुनाव
### दुकानदार रोड साइड में येलो लाइन बनाकर बैठाएं जाएंगे



### शासन के आदेशानुसार फिलहाल साप्ताहिक बाजार जहां लगते रहे थे वहीं लगेंगे

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में साप्ताहिक बाजार कहां लगेगी और वह कब तक लगेंगी, इस बात को लेकर गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय में टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्यों के साथ गाजियाबाद के नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में साप्ताहिक बाजार को लेकर महत्वपूर्ण विषय पर बैठक हुई। इस बैठक में भविष्य की कार्य योजना बनाई गई है। साथ ही कई महत्वपूर्ण निर्णय भी तय किए गए हैं। जिसके तहत 15 दिन के भीतर नई टाउन वेंडिंग कमेटी का चुनाव किया जाएगा।

वहीं शासन के आदेश अनुसार फिलहाल साप्ताहिक बाजार जहां लग रहे थे ,वहीं लगते रहेंगे। वहीं दुकानदारों को रोड साइड में व्यवस्थित ढंग से बैठाने के लिए रणनीति बनी है और येलो लाइन बनाई जाएगी। जिसको कोई भी साप्ताहिक बाजार दुकानदार क्रॉस नहीं करेगा, इसके साथ ही विक्रेताओं का रजिस्ट्रेशन होगा, उनको आईडी कार्ड दिया जाएगा और नगर निगम यूजर चार्ज भी वसूल करेगा।

गुरुवार को हुई बैठक में जहां नगर निगम के अधिकारियों के अलावा 2017 में गठित वेंडिंग कमेटी के सदस्य अपर जिलाधिकारी नगर गंभीर सिंह, एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन अहमद, एसीपी कानून व्यवस्था भास्कर वर्मा ,घंटाघर कोतवाली फायर स्टेशन के प्रभारी शेषनाथ यादव व अन्य नगर निगम के अधिकारी व जोनल प्रमख उपस्थित रहे।

### 15 दिन में बनेगी नई टाउन वेंडिंग कमेटी और लिया जाएगा रिव्यू : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक

करंट क्राइम : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने गुरुवार को हुई महत्वपूर्ण बैठक में निर्णय लिया है कि 15 दिन के भीतर नहीं टाउन वेंडिंग कमेटी बनाई जाएगी। इसके साथ ही कमेटी यह भी रिव्यू करेगी कि कहां पर बाजार लग सकता है और कहां पर बाजार के लिए स्थान चयनित करना है। इसके साथ ही दुकानदारों की भी सलाह ली जाएगी की बाजार को कहां पर स्थानांतरित किया जाए। वही नगर निगम के अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है कि वह प्रत्येक जोन में स्थान तय करें और कहां बाजार लगवाया जा सकता है, इसकी व्यवस्था भी की जाए।



"15 दिन के भीतर नई टाउन वेंडिंग कमेटी चुनी जाएगी। शासन के आदेशानुसार फिलहाल साप्ताहिक बाजार जहां लग रहे थे, वहीं लगेंगे। दुकानदारों को रोड साइड में व्यवस्थित बैठाने के लिए येलो लाइन बनाई जाएगी। सभी साप्ताहिक बाजार व पैठ बाजार के विक्रेताओं का रजिस्ट्रेशन होगा। उनको आईडी कार्ड दिया जाएगा और उनसे नगर निगम यूजर चार्ज भी वसूलेगा।

नगर आयुक्त, विक्रमादित्य सिंह मलिक



### नगर निगम क्षेत्र में लग रहे हैं वर्तमान में 65 साप्ताहिक बाजार



करंट क्राइम : गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत वर्तमान में 65 ऐसे स्थान हैं, जहां साप्ताहिक बाजार और पैठ बाजार लगाए जा रहे हैं। नगर निगम के अधिकारियों ने जोन वार इसकी लिस्ट तैयार कर ली है। जिसमें वसुंधरा जोन में सर्वाधिक 24 स्थानों पर बाजार लगता है। तो कवि नगर जोन में 15 स्थानों पर बाजार है। मोहन नगर में 08 और विजयनगर में केवल 07 स्थानों पर साप्ताहिक बाजार हैं। वहीं सिटी जोन में 11 स्थानों पर बाजार लगता है। कुल 65 स्थानों पर वर्तमान में साप्ताहिक बाजार और पैठ बाजार लग रहे हैं, जो अधिकारियों को सूचना दी गई है।

### सड़क पर नहीं हो जाम, इसके लिए येलो लाइन का होगा इंतजाम

करंट क्राइम : 15 दिन के भीतर नई टाउन वेंडिंग कमेटी का चुनाव होना है। तो वहीं उससे पहले गुरुवार को हुई बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है कि सड़क पर जाम की इन साप्ताहिक बाजारों की वजह से स्थिति ना बने। इसके लिए दुकानदारों का रजिस्ट्रेशन होगा, उनको आई कार्ड दिया जाएगा। साथ ही दुकानदारों को इस बात के लिए भी राजी किया जा रहा है कि वह सड़क पर अतिक्रमण न करें। उनके बैठने और दुकान लगाने के लिए एक येलो लाइन निर्धारित की जाएगी, जिससे आगे कोई भी दुकानदार अपनी दुकान को नहीं ले जाएगा। वहीं दुकानों के सड़क पर अधिक आगे लगे होने की वजह से सड़क पर जाम की स्थिति बनती है। इससे आमजन को परेशानी होती है, इसीलिए येलो लाइन खींचने का निर्णय लिया गया है।

### यूजर चार्ज वसूल करेगा नगर निगम और हर बाजार में दुकानदारों को मिलेगा आईडी कार्ड




करंट क्राइम : नगर निगम में टाउन वेंडिंग कमेटी की मीटिंग गुरुवार को हुई है। तो इसमें एक विषय यह भी आया कि बाहर से आकर यहां दुकानदार अपनी दुकान लगा रहे हैं। साथ ही ऐसे दुकानदार भी हैं, जो गाजियाबाद के नहीं हैं। इसको लेकर अधिकारियों ने यह तय किया है कि विक्रेताओं का रजिस्ट्रेशन होगा। उनको आईकार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही उनसे यूजर चार्ज भी वसूला जाएगा। इसमें खास बात यह रहेगी कि जो दुकानदार बाहर के रहने वाले हैं उनके आधार कार्ड के आधार पर जांच होगी और उनको रोका जाएगा ताकि दुकानदारों की संख्या क्षमता से अधिक ना होने पाए।

### साप्ताहिक पैठ बाजार के दुकानदार बोले, हम व्यापारी हैं ठेकेदार नहीं



करंट क्राइम : गुरुवार को सप्ताहिक पैठ बाजार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय गौतम और पदाधिकारी ने आरडीसी में एक पत्रकारवार्ता की और अपनी बात रखी। इस दौरान अध्यक्ष विजय गौतम ने कहा है कि कुछ अखबारों में लिस्ट छापी जा रही है, जिसमें सप्ताहिक पैठ बाजार के व्यापारियों के नाम और नंबर दर्शाए जा रहे हैं। यह सभी दुकानदार हैं, इन्हें ठेकेदार नहीं कहा जाए। यह सभी व्यापारी हैं। बता दें की गाजियाबाद में बीते कुछ सप्ताह से साप्ताहिक बाजार बंद करने और उनके स्थान परिवर्तन को लेकर संग्राम मचा हुआ है। इस बीच कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर सप्ताहिक पैठ बाजार व्यापारियों के नाम और उनके फोन नंबर वाली लिस्ट वायरल हुई थी। जिसके बाद उन्हें ठेकेदार भी कहा गया। उन लोगों ने कहा है कि यह उनके खिलाफ साजिश है। वह निशुद्ध रूप से व्यापारी हैं, किसी प्रकार की ठेकेदारी नहीं कर रहे हैं। पत्रकारवार्ता में सप्ताहिक पैठ बाजार के अध्यक्ष विजय गौतम, संरक्षक सुरेश कोरी, उपाध्यक्ष रमेश पाल, कोषाध्यक्ष हरीश कुमार, शेर सिंह महामंत्री, मोनू गोयल उपाध्यक्ष, शंकर संजय, जितेंद्र ,हकीम चंद्रपाल, विनोद, अनुज, देवेंद्र, नजमुल हसन ,सुमित, हामीद, प्रदीप, दीपक और पुरुषोत्तम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### मुख्य सचिव के आदेश को बैठक में भी मिला बल

करंट क्राइम : बीते दिनों विधायक लोनी नंदकिशोर गुर्जर ने इंदिरापुरम के बाजार को लेकर आक्रामक रूख अपनाया था। तो कहा था कि मुख्य सचिव मनोज सिंह द्वारा सड़कों पर बाजार लगने का जो निर्देश दिया गया था, उसका क्या हुआ। वहीं गुरुवार को वेंडिंग टाउन कमेटी की बैठक हुई और उसमें भी मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के आदेश की पुनरावृत्ति की गई है। इसमें कहा गया है कि शासन के आदेशानुसार फिलहाल साप्ताहिक बाजार जहां लग रहे थे, वहीं लगेंगे। सके साथ ही नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा है कि वेंडिंग कमेटी की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि जहां बाजार लग रहे थे, उन्हें वहीं लगने दिया जाए ,जबतक की कोई नई व्यवस्था या स्थान चिन्हित ना कर लिया जाए।

### जोनल प्रभारी बनाएंगे विक्रेताओं की लिस्ट और करवाएंगे रजिस्ट्रेशन

करंट क्राइम : नगर निगम के नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जानकारी दी है कि कोई नया बाजार नहीं लगेगा, सड़क किनारे साप्ताहिक बाजार की बिक्री को व्यवस्थित किया जाएगा, पांचों जोन अंतर्गत निर्माण विभाग द्वारा येलो लाइन खींची जाएगी, जिसमें जोनल प्रभारी, पुलिस विभाग, यातायात पुलिस और अन्य टीमों के साथ कार्रवाई करेंगे। साथ ही जोनल प्रभारी अपने-अपने जोन में पैठ विक्रेताओं का रजिस्ट्रेशन करवाएंगे। सभी विक्रेताओं को आईडी कार्ड भी निर्धारित सीमा में बाजार लगाने और यूजर कर वसूली की कार्रवाई की जाएगी। जिसकी कार्य योजना बनाने का अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं।

### व्यापारियों को रखना होगा ध्यान न लगे जाम

करंट क्राइम : गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय पर हुई टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक के दौरान यातायात एसीपी और थाना घंटाघर कोतवाली फायर स्टेशन प्रभारी के सामने यह विषय भी रखा गया है कि बाजार लगने के दौरान सड़क पर जाम की स्थिति न पैदा हो। साथ ही अगर कहीं पर अग्नि हादसा हो जाता है, तो उस मार्ग से आसानी से दमकल विभाग की गाड़ियों को निकाला जा सके ताकि किसी प्रकार की जनहानि होने से बचाई जा सके। अधिकारियों और बैठक में आए अन्य लोगों ने भी इस बात पर सहमति बनाई है कि बाजार व्यवस्थित लगे और आमजन को परेशानी ना हो।

# 60 देवतुल्यों को सांसद अतुल गर्ग लेकर अपने साथ
## एक मार्च को उड़ेगी हिंडन एयरपोर्ट से गोवा के लिए उड़ान




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जब वर्ष 2019 में हिंडन एयरपोर्ट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया तो यहां सभी विधायक इस उपलब्धि से खुश थे और तत्कालीन शहर विधायक अतुल गर्ग ने उस समय ये कहा था कि हम सभी विधायक पिठौरागढ़ फ्लाइट से जाएंगे। उन्होंने कहा था कि हम जनरल वीके सिंह के नेतृत्व में पिठौरागढ़ के लिये उड़ान भरेंगे, लेकिन ना उड़ान गई और फिर आसमान भी खाली रहा। समय का चक्र घूमा और आज अतुल गर्ग लोकसभा सांसद हैं। वो किसी भी मेटर को उठाते हैं तो लेटर तक बात सीमित नहीं रहती। वो लगातार अपडेट लेते हैं। सांसद बनते ही उन्होंने हिंडन डोमेस्टिक का मुद्दा उठाया था। ये बताया था कि यहां से उड़ान संचालित ना होने के कारण 300 करोड़ का नुकसान हुआ है।

बहरहाल अब ये तय हो गया कि एक मार्च को गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से गोवा के लिये उड़ान शुरू होगी। खबर ये है कि गोवा जाने वाली इस उड़ान में 60 यात्री गाजियाबाद से होंगे। ये यात्री दल लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के नेतृत्व में गोवा जाएगा। एक मार्च को अतुल गर्ग अपने साथ 60 लोगों को लेकर गोवा जा रहे हैं। इस 60 वाली लिस्ट में विधायकों से लेकर मंडल अध्यक्ष तक शामिल हैं। सूत्र बताते हैं कि इस फ्लाइट को केंद्रीय उड्डयन मंत्री हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर मौखिक सहमति बन चुकी है और जल्द ही विधिवत कार्यक्रम भी आ जाएगा।

### विधायक संजीव शर्मा, अजीतपाल त्यागी, नंदकिशोर गुर्जर जा रहे हैं गोवा

करंट क्राइम। एक मार्च को जब हिंडन एयरपोर्ट से गोवा के लिये उड़ान शुरू होगी तो इस उड़ान के यात्रियों के जो नाम होंगे उनमें तीन विधायक भी हैं। शहर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर का टिकट कंफर्म हो चुका है। इसके अलावा समरकूल के चेयरमैन तथा भाजपा के महानगर कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता भी इस फ्लाइट में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के साथ गोवा जा रहे हैं। पिलखुवा के चेयरमैन इस फ्लाइट में होंगे। इसके अलावा दस मंडल अध्यक्ष भी गोवा जा रहे हैं। कुछ ब्लॉक प्रमुख और कुछ वर्तमान तथा कुछ पूर्व मंडल अध्यक्षों के साथ-साथ कुछ पार्षद भी गोवा जा रहे हैं।

> **पिलखुवा के चेयरमैन इस फ्लाइट में होंगे। इसके अलावा दस मंडल अध्यक्ष भी गोवा जा रहे हैं। कुछ ब्लॉक प्रमुख और कुछ वर्तमान तथा कुछ पूर्व मंडल अध्यक्षों के साथ-साथ कुछ पार्षद भी गोवा जा रहे हैं।**

### तीन रात-चार दिन के चर्चे और अपने-अपने खर्चे

करंट क्राइम। गोवा टूर को लेकर ये भी बताया गया है कि यहां सब अपने-अपने खर्चे पर जा रहे हैं। तीन दिन का ये टूर है। होटल हार्ड राक में रुकेंगे, तीन रात चार दिन के टूर में आने-जाने का किराया 11 हजार रुपए के लगभग बताया जाता है।

### मेयर सुनीता दयाल और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का नहीं दिख रहा है लिस्ट में नाम

करंट क्राइम। गोवा के लिये उड़ान शुरू हो रही है और मार्च की पहली तारीख को हिंडन एयरपोर्ट से जब ये उड़ान रवाना होगी तो हो सकता है कि तब तक उड़ान वाले सीन में ये नाम आ जाए, लेकिन एयरपोर्ट सूत्र बता रहे हैं कि गोवा जाने वाले यात्रियों में मेयर सुनीता दयाल का नाम नहीं है। इस लिस्ट में साहिबाबाद विधायक और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का भी नाम नहीं है। वैसे नाम तो एमएलसी दिनेश गोयल का भी नहीं है। अब ये तीनों जाएंगे या नहीं जाएंगे ये अभी स्पष्ट नहीं है। लेकिन इतना तय है कि लिस्ट में फिलहाल नाम आया नहीं और बुकिंग लगातार पूरी हो रही है।

### नए अध्यक्ष के लिए खाली है अभी सीट

गोवा वाली फ्लाइट है और इसे लेकर भगवा सियासत का सीन भी टाइट है। सूत्र बताते हैं कि इंटरनल चल रही कुछ तो फाइट है। बहरहाल इसमें आने वाले महानगर अध्यक्ष के लिये सीट खाली रखी गई है। क्योंकि इस बात की संभावना है कि जबतक फ्लाइट का समय आएगा तब तक अध्यक्ष की घोषणा हो जाएगी। लिहाजा एक सीट रखी गई है।

# आज आ रहे हैं जनरल वीके सिंह
## जिम उद्घाटन करने गाजियाबाद

### सांसद कार्यकाल में स्वीकृत कराए थे लोगों के लिए 50 जिम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आज जनरल वीके सिंह विशेष रूप से गाजियाबाद आ रहे हैं। ये कार्यक्रम भी विशेष है और आने का कारण भी विशेष है। जनरल वीके सिंह अब मिजोरम के राज्यपाल हैं, लेकिन ये कार्यक्रम इसलिए खास होगा कि मौजूदा समय में राज्यपाल पद पर तैनात जनरल वीके सिंह जब 50 जिम का लोकार्पण करेंगे तो यह उपलब्धि उनके सांसद कार्यकाल की होगी और शिलान्यास के पट पर भी सांसद के रूप में जनरल वीके सिंह का नाम आएगा।


60 ओपन जिम का उद्घाटन करने गाजियाबाद आ रहे हैं जनरल वीके सिंह

अपनी सांसद निधि से शुरू हुए प्रोजेक्ट का फीता काटेंगे मिजोरम के राज्यपाल

जनरल वीके सिंह ने लोकसभा सांसद के कार्यकाल में इंद्रप्रस्थ गैस प्राइवेट लिमिटेड के सीएसआर से 50 जिम स्वीकृत कराई थी। यह जिम बनकर तैयार हैं और आज मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह लोकसभा गाजियाबाद इन 50 जिम को जनता को समर्पित करेंगे। ये सभी जिम गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में लगाई गई हैं। आज वो इनका शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे।

### करंट क्राइम ने पहले ही दे दी थी इस बात की जानकारी

जो 50 जिम आज जनता को मिलेंगे इसकी रूपरेखा पहले ही तैयार हो गई थी। दैनिक करंट क्राइम ने पहले ही इस बात के संकेत दे दिये थे कि जनरल वीके सिंह भले ही मिजोरम के राज्यपाल बन गए है, लेकिन वाले अपनी लोकसभा में अपने सांसद वाले कार्यकाल में कराए गए कामों का उद्घाटन स्वयं करेंगे। दैनिक करंट क्राइम ने यह खबर पहले ही प्रकाशित की थी और एक बार फिर करंट क्राइम की खबर पर सटीकता की मुहर लगी है। आज जब मिजोरम के गवर्नर 50 जिम का उद्घाटन करेंगे तो यह वो मौका होगा जब वो गाजियाबाद के सांसद के रूप में क्षेत्र की जनता को उपलब्ध कराए गए 50 जिम जनता को ही समर्पित करेंगे।

# पेट्रोल पंप कैशियर से दिनदहाड़े 10 लाख 70 हजार की लूट
## बाइक सवार बदमाशों ने स्कूटी लूटी, सीसीटीवी की जांच में जुटी पुलिस

### खुलासे के लिए डीसीपी ने बनाई तीन टीमें

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गुरुवार को दिनदहाड़े सिहानी गेट थानाक्षेत्र के मेरठ रोड स्थित पेट्रोल पंप से चंद कदमों की दूरी पर बाइक सवार बदमाशों ने स्कूटी पर 10 लाख 70 हजार रुपए कैश लेकर जा रहे हैं पेट्रोल पंप के कैशियर और उसके साथी के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश पिस्टल लहराते हुए मौके से फरार हो गए। लूट की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली, मौके पर एसीपी, डीसीपी और थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। इस मामले में सिहानी गेट थाना पुलिस ने लूट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने बताया है की घटना में पीड़ित के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। मौके पर सीसीटीवी फुटेज की जांच कराई जा रही है। घटना के खुलासे के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। प्रथम दृष्टया पुलिस का मानना है कि बदमाशों ने पूरी प्लानिंग के साथ वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस जिसकी जांच कर रही है।



### स्कूटी सवार कर्मियों पर पिस्टल लगाकर की लूट

करंट क्राइम : लूट की घटना मेरठ रोड की बताई जा रही है। जहां रतन प्रकाश बंसल का मेरठ रोड पर पेट्रोल पंप है। गुरुवार को पंप के कर्मचारी संजय कुमार अर्जुन बैग में 10 लाख 70 हजार रुपए कैश लेकर बैंक जमा करने के लिए जा रहे थे। जैसे ही सिहानी गेट थानाक्षेत्र के मेरठ रोड पर श्रीराम पिस्टन

विस्तृत खबर, पृष्ठ 6

# लोकसभा-राज्यसभा दोनों सदनों में रखी गई जेपीसी की रिपोर्ट

## लोकसभा की कार्यवाही 10 मार्च तक स्थगित, राज्यसभा में बजट 2025 पर सामान्य चर्चा

संसद के बजट सत्र के पहले चरण का आज आखिरी कामकाजी दिन है। लोकसभा और राज्यसभा में वक्फ विधेयक पर जेपीसी रिपोर्ट पेश की गई। हंगामे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित हुई। लोकसभा की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित रहने के बाद दोबारा शुरू हुई। इसके बाद भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने वक्फ बिल पर जेपीसी की रिपोर्ट सदन में पेश की। 18 मिनट की संक्षिप्त कार्यवाही के बाद स्पीकर ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही 10 मार्च तक स्थगित कर दी।



### खरगे ने जेपीसी की रिपोर्ट को अलोकतांत्रिक बताया





आज राज्यसभा में जेपीसी रिपोर्ट मेधा कुलकर्णी ने पेश की। रिपोर्ट पेश होने के बाद नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इससे कई सदस्य असहमत हैं। खरगे ने जेपीसी की रिपोर्च को फर्जी और अलोकतांत्रिक करार दिया। उन्होंने कहा कि बाहर से सदस्यों को आमंत्रित कर बयान दर्ज किए जा रहे हैं। ऐसी असंसदीय रिपोर्ट को सदन की कार्यवाही का हिस्सा नहीं बनाया जाना चाहिए। खरगे ने कहा कि अगर रिपोर्ट में असहमति के स्वर को जगह नहीं दी गई है तो ऐसी स्थिति में इसे अस्वीकार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट को हर हाल में वापस किया जाना चाहिए।

### केंद्रीय मंत्री नड्डा का आरोप- देशद्रोही गतिविधियों में संलिप्त है विपक्ष




प्रश्नकाल शुरू होने के बाद सीपीआईएम सदस्य जॉन ब्रिटास ने यमन की जेल में बंद भारतीय निमिषा प्रिया की रिहाई को लेकर सवाल पूछा। इस पर जवाब आने से पहले सदन के नेता जेपी नड्डा ने जेपीसी रिपोर्ट पर हंगामा करने वाले विपक्षी सांसदों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि विपक्षी सदस्यों को पूरा मौका दिए जाने के बावजूद उन्होंने बेबुनियाद मुद्दों पर हंगामा किया। नड्डा ने कहा कि सभापति ने दरियादिली दिखाते हुए असंसदीय आचरण करने वाले सदस्यों को केवल चेतावनी देकर छोड़ दिया। नड्डा ने कहा कि हंगामा करने वाले विपक्षी सांसद तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं। नड्डा ने कहा कि सभापति को रिपोर्ट से किसी भी अंश को मिटाने का विशेषाधिकार हासिल है, इसके बावजूद जेपीसी की रिपोर्ट का कोई भी हिस्सा नहीं हटाया गया है।

### सरकार बोली- विपक्ष का हंगामा करना हास्यास्पद

विपक्षी सदस्य अब्दुल्ला ने सवाल किया कि एक मंत्री ये आश्वासन कैसे दे रहे हैं कि जेपीसी रिपोर्ट का कोई हिस्सा डिलीट नहीं किया गया है। इस पर किरेन रिजिजू ने कहा कि बीते छह महीने में व्यापक चर्चा और मंथन के बाद जेपीसी रिपोर्ट सदन के पटल पर रखा गया है। जब जेपीसी की रिपोर्ट को सदन में बहस के लिए दोबारा पेश किया जाएगा, उस समय तमाम सदस्य इस पर चर्चा कर सकते हैं। विपक्ष का इस तरह हंगामा करना बिल्कुल हास्यास्पद है। जेपीसी रिपोर्ट पर जमकर हंगामे और सरकार के इस बयान के बाद सभापति ने शून्यकाल में जनहित के मुद्दे उठाने की अनुमति दी।

### भाजपा सांसद ने वक्फ बिल पर जेपीसी की रिपोर्ट पेश की, अमित शाह ने दिया बड़ा बयान



लोकसभा में हंगामे के बीच उत्तर प्रदेश की डुमरियागंज से निर्वाचित भाजपा सांसद और संयुक्त संसदीय समिति के प्रमुख जगदंबिका पाल ने सदन के पटल पर जेपीसी की रिपोर्ट पेश की। इसके बाद भारत माता की जय के नारे भी लगे। इसके बाद गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि स्पीकर को रिपोर्ट का कोई भी हिस्सा रखने या हटाने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि संसदीय कार्यप्रणाली और नियमावली को देखते हुए नीर-क्षीर विवेक के आधार पर स्पीकर को फैसला करना है, जिस पर भाजपा को कोई आपत्ति नहीं है।

### वक्फ बिल असंवैधानिक है, ये मुसलमानों को बर्बाद करने के लिए लाया जा रहा है: असदुद्दीन ओवैसी



वक्फ संशोधन विधेयक पर लोकसभा की कार्यवाही स्थगित होने के बाद संसद परिसर में ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (अक्टक्ट) के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, यह विधेयक असंवैधानिक है। उन्होंने कहा कि बिल संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 29 का उल्लंघन करता है। इस विधेयक का मकसद वक्फ को बचाना नहीं बल्कि इसे बर्बाद करना और मुसलमानों से इसे छीनना है। उन्होंने कहा कि वे इस विधेयक की निंदा करते हैं। ओवैसी ने कहा, लोकसभा स्पीकर ने आश्वासन दिया है कि जेपीसी रिपोर्ट में सांसदों की असहमति के 70% संपादित संस्करण शामिल किए जाएंगे।

### सभापति धनखड़ ने तीन सांसदों का नाम लेकर चेतावनी दी



सभापति धनखड़ ने सदन के वेल में आने वाले तीन सांसदों का नाम लेकर चेतावनी दी। उन्होंने कहा, समीरुल इस्लाम, नदीमुल हक और मोहम्मद अब्दुल्ला ने सदन के वेल में आकर कार्यवाही को बाधित किया। उन्होंने कहा कि सदन में व्यवस्था बहाल न होने पर विवश होकर उन्हें कड़े फैसले लेने पड़ेंगे।

### केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी भड़कीं



सभापति धनखड़ ने सरकार की तरफ से दिए गए स्पष्टीकरण के बावजूद राज्यसभा में हंगामा करने के लिए विपक्ष को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि संसदीय कार्यमंत्री ने बिल्कुल साफ शब्दों में सदन को आश्वस्त किया है कि जेपीसी रिपोर्ट के किसी भी हिस्से को डिलीट नहीं किया गया है। सदन के रिकॉर्ड पर झूठा बयान नहीं दिया जा सकता। हंगामे के बीच केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी विपक्षी सदस्यों के आचरण की निंदा की।

### रिजिजू ने दोबारा सदन को भरोसा दिलाने का प्रयास किया



विपक्षी सांसदों के बयान के बाद सभापति धनखड़ ने कहा कि पहली बार देश के इतिहास में एक बौद्ध धर्म के अनुयायी सांसद को अल्पसंख्यक मामलों का मंत्री बनाया गया है। वे पूरी दुनिया में देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसके बाद केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि सचिवालय से इस बात की पुष्टि कराई गई है कि जेपीसी रिपोर्ट का कोई भी हिस्सा डिलीट नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी सदस्यों ने जेपीसी को और समय देने की मांग की है। इस पर वे आश्वस्त करना चाहते हैं कि इस जेपीसी की तरह के व्यापक विचार विमर्श और मंथन का काम किसी भी समिति ने इतिहास में नहीं किया है। इसके बाद सदन में प्रश्नकाल की शुरूआत हुई।

### लोकपाल को अब तक 2400 से अधिक भ्रष्टाचार की शिकायतें मिलीं

राज्यसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में केंद्र सरकार ने बताया कि लोकपाल को अब तक 2400 से अधिक भ्रष्टाचार की शिकायतें मिली हैं। बता दें कि लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 (2014 का 1) 16 जनवरी, 2014 से लागू हुआ था। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक लिखित उत्तर में बताया कि लोकपाल की स्थापना हो चुकी है। यह पूरी तरह से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अब तक दर्ज हो चुकी नियमित शिकायतों की संख्या 2426 हो चुकी है। उन्होंने बताया कि दर्ज की गई कुल शिकायतों में से 31 जनवरी तक 2350 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है।वर्तमान में लोकपाल अध्यक्ष के अलावा कुल छह सदस्य हैं।

### विपक्ष का वॉकआउट

नड्डा ने कहा कि कुछ लोग देश को तोड़ने की साजिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष का वॉकआउट दिखाता है कि वे देशद्रोही गतिविधियों को प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रहे हैं। यह ऑन रिकॉर्ड आना चाहिए कि कुछ लोग देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने की मंशा रखते हैं।

## भाजपा की चुप्पी से मणिपुर में राजनीतिक अनिश्चितता बरकरार, कांग्रेस ने बताया संविधान की अवमानना

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री पद से एन बीरेन सिंह के इस्तीफा देने के चार दिन बाद भी राज्य में राजनीतिक स्थिति अनिश्चित बनी हुई है, क्योंकि सत्तारूढ़ भाजपा ने अभी तक नए नेता पर फैसला नहीं किया है। इस बीच, राज्य के वन मंत्री टी. बिश्वजीत बुधवार शाम को इम्फाल से गुवाहाटी के लिए रवाना हो गए, और पड़ोसी राज्य की उनकी यात्रा का कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया गया है।

इधर भाजपा के पूर्वोत्तर प्रभारी संबित पात्रा और पार्टी विधायकों के बीच कई दौर की चर्चा के बावजूद गतिरोध बना हुआ है, कुछ विधायकों ने सुझाव दिया है कि अंतिम निर्णय केंद्र को लेना चाहिए। बता दें कि, संबित पात्रा पिछले दो दिनों में दो बार राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मिल चुके हैं। मंगलवार को संबित पात्रा ने राज्य पार्टी अध्यक्ष ए. शारदा देवी के साथ भल्ला से बातचीत की और बुधवार को उन्होंने फिर से राज्यपाल से मुलाकात की।





संबित पात्रा ने स्थिति पर चर्चा करने के लिए राज्य के उपभोक्ता मामलों के मंत्री एल सुसिंड्रो और विधायक करम श्याम समेत भाजपा विधायकों के साथ भी बैठक की। वहीं पत्रकारों से बात करते हुए श्याम ने कहा कि बीरेन सिंह के पद छोड़ने के फैसले के बाद कोई संवैधानिक संकट नहीं है और विधायकों की मदद से केंद्र सरकार मौजूदा मुद्दों को सुलझा लेगी। राज्य विधानसभा के लगातार दो सत्रों के बीच अधिकतम छह महीने के अंतराल की समाप्ति पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, 'देखते हैं क्या होता है'। वहीं ये पूछे जाने पर कि क्या नए मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा की जाएगी, इस पर विधायक करम श्याम ने हंसते हुए टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

इस बीच, कांग्रेस विधायक थोकचोम लोकेश्वर ने संबित पात्रा के राज्य दौरे के उद्देश्य पर सवाल उठाया और पूछा कि क्या उनका इरादा नेतृत्व संकट को हल करना है। कांग्रेस विधायक ने कहा कि संबित पात्रा को भाजपा विधायकों से चर्चा करके नए मुख्यमंत्री की नियुक्ति का बीड़ा उठाना चाहिए था। पूर्व अध्यक्ष ने कहा, 'उनका दौरा यह सुनिश्चित करने के लिए है कि विधानसभा सत्र न हो और राज्य के मुद्दे दरकिनार रहें। अभी तक उन्होंने कोई टिप्पणी भी नहीं की है।'

कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि मणिपुर में अनुच्छेद 174 का उल्लंघन किया गया है, जिसके अनुसार दो विधानसभा सत्रों के बीच छह महीने से अधिक का अंतराल नहीं हो सकता है और आरोप लगाया कि यह संविधान की जानबूझकर की गई अवमानना है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मणिपुर में संवैधानिक तंत्र ध्वस्त हो गया है और राज्य के लोगों की पीड़ा जारी है, क्योंकि वे अभी भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे का इंतजार कर रहे हैं 'जो मणिपुर को छोड़कर हर जगह जाते हैं'।

## वित्त मंत्री ने लोकसभा में पेश किया नया आयकर बिल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में आयकर विधेयक, 2025 पेश किया और अध्यक्ष ओम बिरला से इसे सदन की प्रवर समिति को भेजने का आग्रह किया। विपक्षी सदस्यों ने विधेयक को प्रस्तुत करने के दौरान इसका विरोध किया, लेकिन सदन ने इसे प्रस्तुत करने के लिए ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित कर दिया।

विधेयक को पेश करते हुए सीतारमण ने बिरला से आग्रह किया कि वे मसौदा कानून को सदन की प्रवर समिति को भेजें, जो अगले सत्र के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। उन्होंने अध्यक्ष से प्रस्तावित पैनल की संरचना और नियमों पर निर्णय लेने का आग्रह किया।

बहुप्रतीक्षित विधेयक में ₹कर निर्धारण वर्ष₹ और ₹पूर्व वर्ष₹ जैसे शब्दों के स्थान पर ₹कर वर्ष₹ जैसे सरलीकृत शब्द रखे जाएंगे, जो कि आयकर कानून की भाषा को सरल बनाने बनाएगा। इसके साथ ही नए कानून से अनावश्यक प्रावधान और स्पष्टीकरण भी हट जाएंगे।



आयकर कानूनों को सरल बनाने के लिए नया कानून बनाने का एलान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी 2025 के अपने बजट भाषण में किया था। इस विधेयक को केंद्रीय कैबिनेट की भी मंजूरी मिल चुकी है। लोकसभा में पेश होने वाला नए आयकर विधेयक में 536 धाराएं है। इसमें 23 अध्याय है और यह 622 पन्नों का है। इस विधेयक के पारित होने के बाद नया आयकर कानून अधिक व्यवस्थित और वर्तमान कानून की तुलना में सरल होगा।

एक बार कानून बनने के बाद आयकर विधेयक 2025 छह दशक पुराने आयकर अधिनियम 1961 की जगह लेगा। पहले का कानून समय के साथ और विभिन्न संशोधनों के बाद काफी जटिल हो गया है, इसलिए इसकी जगह नया आयकर विधेयक लाया जा रहा है। सरकार की ओर से प्रस्तावित नए कानून में, आयकर अधिनियम, 1961 में उल्लिखित ह्यपिछले वर्षह्ल (ऋ) शब्द को बदलकर ह्यकर वर्षह्ल कर दिया गया है। इसके साथ ही, मूल्यांकन वर्ष (अ ) की अवधारणा को समाप्त कर दिया गया है।

वर्तमान में, पिछले वर्ष (2023-24) में अर्जित आय के लिए, कर का भुगतान निर्धारण वर्ष (2024-25) में किया जाता है। इस नये विधेयक में पिछले वर्ष और निर्धारण वर्ष की अवधारणा को हटा दिया गया है और सरलीकृत विधेयक में केवल कर वर्ष की बात कही गई है। आयकर विधेयक, 2025 में 536 धाराएं शामिल हैं, जो वर्तमान आयकर अधिनियम, 1961 के 298 धाराओं से अधिक हैं। मौजूदा कानून में 14 अनुसूचियां हैं जो नए कानून में बढ़कर 16 हो जाएंगी।

हालांकि, नए आयकर विधेयक में भी वर्तमान कानून की तरह ही अध्यायों की संख्या 23 ही रखी गई है। जबकि पृष्ठों की संख्या काफी कम होकर 622 हो गई है, जो वर्तमान के भारी-भरकम अधिनियम का लगभग आधा है। वर्तमान में जो कानून अमल में है, उसमें पिछले छह दशकों के दौरान किए गए संशोधन शामिल हैं। जब आयकर अधिनियम, 1961 लाया गया था, तो इसमें 880 पृष्ठ थे।

## बैंड-बाजा-बारात और जानवर : खौफनाक दहशत और भगदड़ के 8 घंटे... शादी में घुसा तेंदुआ

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के पारा के बुद्देश्वर स्थित एमएम मैरिज लॉन में विवाह कार्यक्रम के बीच एक तेंदुआ घुस गया। रात साढ़े तीन बजे तक पकड़े जाने तक बरात में भगदड़ और दहशत का माहौल बना रहा। इस दौरान एक वनकर्मी तेंदुए के हमले में चोटिल हो गया। तेंदुए के आतंक से करीब साढ़े सात घंटे तक अफरातफरी का माहौल बना रहा।





बुद्देश्वर के एमएम मैरिज लॉन में बुधवार को अक्षय कुमार और ज्योति का शादी-समारोह चल रहा था। रात साढ़े 10 बजे के करीब दीपक नाम के व्यक्ति ने लॉन में बने भवन की दूसरी मंजिल पर तेंदुए को देखा। अचानक तेंदुए को सामने देखकर दीपक घबड़ाकर नीचे कूद गया। इससे उसे काफी चोट आ गई।

तेंदुए की सूचना पाकर सभी में दहशत फैल गई। महिलाओं और बच्चों को कमरे में बंद कर दिया गया। लॉन के मालिक रहमान और शादी में आए हरसेवक प्रसाद द्विवेदी ने लॉन में तेंदुए को देखकर इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना पाकर वन विभाग की टीम मौके मौके पर पहुंची।







टीम में मलिहाबाद रेंज में तैनात दरोगा मुकद्दर अली भी थे। जब वे दूसरी मंजिल पर पहुंचे तभी तेंदुए ने उन पर हमला बोल दिया। हमले में उनको चोट भी आई और उनके साथ कर्मी लड़खड़ाकर गिर भी गए। साथी कर्मियों ने गोली दागकर तेंदुए को भगाया। गोली की आवाज से तेंदुए भागकर वहीं छिप गया। डीएफओ लखनऊ सीतांशु पांडेय ने बताया कि लॉन में तेंदुआ ही है। उसे पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है। रात आठ बजे घुसे इस तेंदुए को पकड़ने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया गया। रात के साढ़े तीन बजे उसे पकड़ा जा सका। इस पर दूल्हे ने भी वन विभाग की टीम को शुकिया कहा।





इस दौरान दूल्हा-दुल्हन व उनके परिजन परेशान रहे। शादी में शामिल हुए सभी मेहमानों के लिए यह एक अलग अनुभव था। उन्हें सुरक्षा के लिए खुद को कमरे में कैद करना पड़ा। तेंदुए के हमले में एक वनकर्मी घायल हो गया जिसे इलाज के लिए ले जाया गया। घटनास्थल पर वन विभाग व पुलिस टीम मौजूद रही। यह अपने तरह का पहला मामला था। समारोह में शामिल होने आए लोगों को कुछ देर तो यकीन ही नहीं हुआ कि ऐसा कुछ हो सकता है।

मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम अधूरे इंतजाम के साथ पहुंची थी। सभी वन कर्मियों के सिर पर न हेलमेट थे और न बदन पर लाइफ जैकेट। किसी भी जंगली जानवर के रेस्क्यू के दौरान ये उपकरण बेहद जरूरी होते हैं।

इसके बाद ऊपर जाने के दौरान जब तेंदुए ने हमला किया तो फिर वन कर्मियों ने गोली भी चला दी। गोली चलने के वीडियो में यह चर्चा होती सुनाई दी कि तेंदुए को गोली लगी है। वन्यजीव को अबोध माना जाता है। भटककर आए तेंदुए को पकड़ने के प्रयास के बजाय सीधे ही उस पर गोली चलाने की नौबत क्यों आई, यह भी बड़ा सवाल है।

### इस तरह हुआ पूरा घटनाक्रम

- **रात 8 बजे**- मैरिज लॉन में घुसा तेंदुआ।
- **8:30 बजे**- वीडियोग्राफर शरद और एक कर्मचारी तेंदुआ देख दूसरी मंजिल से कूदकर घायल।
- **8:40 बजे**- लॉन मालिक ने चार बाउंसरों को तेंदुआ देखने के लिए भेजा।
- **9:00 बजे**- तेंदुआ घुसने की खबर लॉन में फैली।
- **9:25 बजे**- पारा पुलिस मौके पर पहुंची।
- **9:50 बजे**- वन विभाग की टीम पहुंची।
- **10:30 बजे**- पूरे लॉन को कराया गया खाली।
- **11:00 बजे**- डॉक्टरों की टीम ट्रेंकुलाइजर गन लेकर पहुंची।
- **11:30 बजे**- वन विभाग ने नेट (खाबड़ा) लगाया।
- **12:00 बजे**- वन विभाग के लोगों ने सीढ़ी लगा बाहर से दूसरी मंजिल पर तेंदुए की तलाश की।
- **12:30 बजे**- दो ड्रोन की मदद से तेंदुए की सही लोकेशन पता करने का काम शुरू किया गया।
- **12:45 बजे**- तेंदुए ने ड्रोन पर मारा पंजा। ड्रोन दूसरी मंजिल पर गिरा।
- **2.00 बजे**- दूसरा बड़ा जाल मंगाया गया
- **3.30 बजे**- उसे सफलतापूर्वक पकड़ लिया गया

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शुक्रवार 14 फरवरी -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम
ट्वीट का करंट

Amit Bhardwaj
1d ·

समय,भाग्य,और मेहनत पता नही कब उचाई पर पहुंचा दे।



# उठ रहे हैं भगवा गढ़ की सियासत में ये सवाल

# पैठ बाजार की समस्या पर क्यों नहीं बैठे सभी जनप्रतिनिधि अभी तक एक साथ





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सरकार, जनप्रतिनिधि और जनता ये सब एक दूसरे से इंटरकनेक्ट होते हैं। जनता से जनप्रतिनिधि इलेक्ट होते हैं और जनप्रतिनिधियों से सरकार बनती है और सरकार का काम जनमुद्दों पर समाधान देना है। सरकार का काम नीति निर्माण करना है। इसलिए इस बात पर जोर दिया जाता है कि अगर जनादेश वाली सरकार होती है तो फिर जनता के आदेश सर्वोपरि हो जाते हैं। गाजियाबाद में भाजपा को महाजनादेश मिला है। देश की सबसे बड़ी विधानसभा में देश का सबसे बड़ा जनादेश यहीं मिला है। लोकसभा में भाजपा को लखनऊ और बनारस से बड़ा जनादेश मिला है। नगर निगम के 100 पार्षदों वाले सदन में 75 पार्षद भाजपा के हैं।

गाजियाबाद की बात करें तो यहां उत्तर प्रदेश सरकार में एक कैबिनेट मंत्री हैं और यहीं से एमएलसी भी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार हैं। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग हैं, मेयर सुनीता दयाल हैं, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप हैं, कैबिनेट मंत्री तथा साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा हैं, मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी हैं, शहर विधायक संजीव शर्मा हैं, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर हैं, एमएलसी दिनेश गोयल हैं।

ऐसे में ये एक सवाल है कि जब पैठ बाजार को लेकर सरकार के विधायक, सरकार के पार्षद अफसरी आदेश के खिलाफ आए तब बाकी जनप्रतिनिधि क्यों साथ नहीं आए। ये एक बड़ा सवाल सियासत में गूंज रहा है कि भाजपा के सभी जनप्रतिनिधि इस मुद्दे पर एकसाथ क्यों नहीं बैठे। सवाल यही है कि जब शहर की जनता किसी भी मुद्दे पर परेशान होती है तो वो समाधान के लिये दो रास्ते तलाशती है। पहला रास्ता ये है कि वो अधिकारियों के पास जाए और अधिकारी इस मामले में सुनवाई करें। दूसरा रास्ता ये है कि जब प्रशासन से राहत ना मिल रही हो तो वो अपने चुने हुए जनप्रतिनिधियों के पास जाए क्योंकि इसी जनता ने उन्हें जनप्रतिनिधि बनाया है और जब उनका रोजगार समस्या से जूझ रहा है तो फिर वो अपने नेता के पास जाते हैं। बाजार सड़क पर नहीं लगेंगे, हाट-पैठ बाजार पर रोक लगी तो फिर ये सवाल उठा कि ये बाजार कहां लगेंगे। सवाल यही कि उनकी कौन सुनेगा और यहां पर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर और भाजपा की पार्षद शीतल चौधरी ने पैठ बाजार के व्यापारियों के समर्थन में मोर्चा खोल दिया। इसी बीच मुख्य सचिव आए और जब उनके सामने ये सवाल आया तो उनके जवाब ने इस पूरे मामले का रुख मोड़ दिया। मुख्य सचिव स्वयं शासन है और उन्होंने यहां पुलिस और प्रशासन के कामों के बीच एक गाइडलाइन बता दी और ये बता दिया कि ये काम नगर निगम का है।

इसके बाद नगर निगम भी अब लगातार अपनी तैयारी कर रहा है। लेकिन सवाल यही है कि बाजार में सरकार के अधिकारी तो आ गए लेकिन सरकार के जनप्रतिनिधि क्यों नहीं आए।

ये सवाल उठ रहा है और बताया जाता है कि पहले भी जनप्रतिनिधि कई मुद्दों को लेकर एकसाथ-एकजुट होकर आए हैं। जीडीए के एक आदेश के खिलाफ सभी जनप्रतिनिधि एकजुट हो गए थे और तत्कालीन वीसी कंचन वर्मा के साथ इस समस्या को लेकर बैठे थे। अब ऐसा क्या है कि ज्वलंत मुद्दों पर भी भाजपा के जनप्रतिनिधि एकसाथ नहीं बैठ रहे हैं। पहले जनमुद्दों पर एकसाथ राय बनाते थे, नजर आते थे अब तो जनप्रतिनिधियों का सीन भी टोटली लोकल-वोकल है, लेकिन तस्वीर चुनाव से पहले और चुनाव के बाद की बदली नजर आ रही है।

## लोनी विधायक का दिखा जोश और बाकी सियासत रही खामोश



**करंट क्राइम।** पैठ बाजार का मुद्दा आया और यहां पर शहर विधायक संजीव शर्मा इस मामले में एक संवैधानिक दायरे के साथ आगे आए। बातचीत की, लेकिन लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर इस मुद्दे को लेकर पूरे जोश में थे। उन्होंने पैठ बाजार के समर्थन में सब्जी बेची । जब आदेश के बाद भी रोक लगाने की सूचना मिली तो लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर पैठ व्यापारियों के बीच पहुंचे और उन्होंने इस बार बर्तन बेचे। व्यापारियों के बीच उन्होंने माइक थाम लिया और साथ देने का ऐलान किया। वहीं इस पूरे मामले में निगम पार्षद शीतल चौधरी का भी आक्रामक रोल रहा, वो भी पैठ व्यापारियों के समर्थन में आ गईं। सवाल यही है कि जब निगम का मुद्दा है तो मेयर क्यों खामोश रहीं। भाजपा के पार्षद क्यों खामोश रहे। विधायक क्यों चुप रहे और मंत्रियों ने क्यों इस मुद्दे पर कुछ नहीं बोला। जनता उम्मीद करती है और जब वोट देती है तो वो ये मानकर चलती है कि ये जनप्रतिनिधि उनके मुद्दों को सपोर्ट करेंगे।

# जनरल के इन शब्दों के मायने बड़े हैं
## लोकसभा गाजियाबाद के लिए वह सदैव खड़े हैं



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में शब्दों के मायने होते हैं और शब्दों के जरिये संदेश दिया जाता है। कुछ ऐसा ही संदेश गाजियाबाद के पूर्व लोकसभा सांसद और मौजूदा मिजोरम गवर्नर वीके सिंह ने दिया है। उन्होंने इस संदेश में अपने परिवार को लिया है, गाजियाबाद को लिया है। दरअसल जनरल वीके सिंह ने गाजियाबाद में अपने परिवार की बात की है और ये शब्द बता रहे हैं कि वो भले ही मिजोरम के राज्यपाल हैं, लेकिन वो लगातार गाजियाबाद के सांसद रहे हैं। वो गवर्नर बनने के बाद भी जब अपने सांसद कार्यकाल में स्वीकृत कराए गए जिम का उद्घाटन करने आ रहे हैं तो उनके ये शब्द अहम हैं। जनरल वीके सिंह ने कहा है कि लोकसभा गाजियाबाद क लिये वह सदैव खड़े हैं। उन्होंने यहां कहा कि उनके परिवार के लोग हर समय गाजियाबाद के लोगों के लिये उनके बीच रहेंगे। जनरल वीके सिंह मिजोरम रहेंगे, लेकिन परिवार के लोग गाजियाबाद के लोगों के बीच रहेंगे, यही बात एक नई सियासत के संकेत दे रहे हैं। जनरल वीके सिंह जब लोकसभा सांसद रहे तो उनकी बेटी मृणालिनी सिंह यहां एक्टिव रही हैं। वो जनसमस्याओं के समाधान में पूरी रुचि लेती हैं। आज भी कई भाजपा कार्यकताओं के फोन में उनका नंबर मृणालिनी दीदी के नाम से सेव है। परिवार की बात करें तो यहां जनरल वीके सिंह के परिवार के सदस्य के रूप में उनकी पुत्री मृणालिनी सिंह एक्टिव रही हैं और यहां भारती सिंह भी लोगों से मुलाकात करती रही हैं और परिवार के लोगों का गाजियाबाद के लोगों के बीच रहना एक नई सियासी हलचल के संकेत दे रहा है। जनरल वीके सिंह ने कहा कि लोकसभा गाजियाबाद के लिये वह सदैव खड़े हैं। इस बात का मुलाहिजा भी उन्होंने दो मौकों पर किया। उन्होंने अपना जन्मदिन गाजियाबाद लोकसभा में ही मनाया। इसके अलावा बड़ी बात ये रही कि जब वो मिजोरम के राज्यपाल बनाए गए तो उन्होंने इस खुशी को गाजियाबाद में साझा किया। वो सबसे पहले गाजियाबाद में अपने राजनगर स्थित आवास पर पहुंचे। यहां लोगों से मिले और जब मिजोरम में उन्होंने राज्यपाल के रूप में शपथ ली तो गाजियाबाद से 40 से भी ज्यादा लोगों ने मिजोरम पहुंचकर उनके शपथग्रहण समारोह में उपस्थिति दर्ज कराई। ये गाजियाबाद से ही नाता था कि गाजियाबाद के 40 लोग मिजोरम के महामहीम के मेहमानों के रूप में मिजोरम के विभिन्न होटलों में रुके। उन्हें राजकीय अतिथि वाला ही प्रोटोकॉल मिला और अब जब परिवार के लोग गाजियाबाद के लोगों के बीच रहेंगे तो जाहिर है कि यहां मृणालिनी सिंह ही रहेगी और ठाकुर राजनीति का नया अध्याय शुरु हो सकता है।

# सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल के नेतृत्व में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन
## एडीएम सिटी गंभीर सिंह रक्तदान के लिए आए, लोगों का बढ़ाया मनोबल







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चीफ वार्डन ललित जायसवाल और डिप्टी कंट्रोलर रविन्द्र प्रताप के नेतृत्व में गुरुवार को ए डी सी गुलाम नबी के सहयोग से सिविल डिफेंस गाजियाबाद एवं अंसल प्लाजा ऑक्यूपेंटस एसोसिएशन द्वारा अंसल प्लाजा में एक ब्लड डोनेशन ,आई और हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन किया गया ।मुख्य अतिथि गंभीर सिंह अपर जिलाधिकारी नगर के द्वारा विधिवत रिबन काट कर कैंप का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा एम एम जी बल्ड बैंक , नेत्र विशेषज्ञ और कैंप में सहयोग करने वाले सभी डॉक्टर स्टाफ सिविल डिफेंस गाजियाबाद के वार्डेन को साधुवाद दिया गया।

गंभीर सिंह द्वारा रक्तदान के लिए आए सभी लोगों का मनोबल बढ़ाते हुए बताया कि एक स्वस्थ व्यक्ति हर 6 महीने में एक बार रक्तदान कर के लोगो के जीवन को बचाने में अपना योगदान दे सकता है। इस कैंप का आयोजन भी एम एम जी हॉस्पिटल के ब्लड बैंक के सहयोग से किया गया है। कैंप में 48 यूनिट ब्लड,100 लोगो ने अपना जनरल हेल्थ चेक अप और 117 लोगो ने नेत्र परीक्षण कराया इस अवसर पर प्र.डिप्टी चीफ वार्डन अनिल अग्रवाल, प्र.डिविजनल वार्डन ए के जैन , प्र .डिप्टी डिविजनल वार्डन अशोक कुमार ,स्टाफ ऑफिसर रमन सक्सेना, आई सी ओ विनोद कुमार शर्मा, डॉक्टर किरण गर्ग महासचिव रेड क्रॉस, प्रणब कुमार , रविन्द्र जी, राहुल जी प्रसून जी आदि के साथ एसोसिएशन के भारी संख्या वार्डेन ने कैंप को सफल बनाने में अपना सहयोग किया। सिविल डिफेंस और अंसल प्लाजा ऑक्यूपेंटस एसोसिएशन द्वारा ब्लड बैंक के विनोद ,नेत्र विशेषज्ञ और अन्य डॉक्टर्स का विशेष आभार प्रकट किया गया

# जब एडीएम साहब बन गए आईएमटी के एमबीए पासआउट विद्यार्थी
## फर्स्ट डिविजन से हासिल की एमबीए की डिग्री और पाया है ये मुकाम






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शिक्षा के प्रति एक लगाव होता है, शिक्षा के प्रति एक जुनून होता है और ये अपनी शैक्षिक योग्यता को और ज्यादा अपडेट करने का जज्बा है। ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है, लेकिन ये उपलब्धि उन युवाओं के लिये प्रेरणा है जो रोजगार मिलने के बाद अपनी शिक्षा को आगे नहीं बढ़ाते, लेकिन गंभीर सिंह ने इस धारणा को पुष्ट किया कि अगर हम चाहे तो क्या नहीं हो सकता। कौन कहता है कि जॉब में पढ़ाई के लिये समय नहीं मिलता। कौन कहता है कि एक बार कामकाज में आने के बाद शिक्षा की डिग्रियों को नहीं बढ़ाया जा सकता। गंभीर सिंह पीसीएस अधिकारी हैं और मौजूदा समय में वह गाजियाबाद में एडीएम सिटी हैं। वो गाजियाबाद में सिटी मजिस्ट्रेट के पद पर आए थे। एडीएम सिटी गंभीर सिंह उन अधिकारियों में हैं जिनकी जनछवि एक लोकप्रिय मधुरभाषी और कर्मठ अधिकारी के रूप में है। वो शिक्षा के क्षेत्र में पहले से ही अलख जगाए हुए हैं। शिक्षा सभी को मिले, सभी शिक्षित हों यह उनका प्रयास है और एडीएम के पद पर आसीन होने के बाद, पीसीएस अधिकारी होने के बाद उन्होंने अपने जज्बे को कायम रखा है। एडीएम सिंह गंभीर सिंह ने सुप्रसिद्ध आईएमटी से एमबीए की डिग्री हासिल की। बड़ी बात ये है कि जब एमबीए का रिजल्ट आया तो गंभीर सिंह का नाम प्रथम श्रेणी से पास होने वाली लिस्ट में आया। उन्होंने प्रथम श्रेणी से एमबीए की डिग्री हासिल की है। वो युवाओं के लिये एक प्रेरणा बने हैं।

### पूर्व डीएम आरके सिंह और अपनी पत्नी का किया धन्यवाद

**करंट क्राइम।** एडीएम सिटी गंभीर सिंह ने वास्तव में कमाल किया है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में खुद को एक मिसाल बनाया है। ये समय का सद्उपयोग किया है और एक शैक्षिक उपलब्धि अपने नाम की है। एडीएम सिटी गंभीर सिंह के शैक्षिक रिकॉर्ड में अब एक डिग्री का और इजाफा हो गया है। बड़ी बात ये है कि एमबीए फर्स्ट क्लास पासआउट गंभीर सिंह ने अपनी इस सफलता का श्रेय गाजियाबाद में जिलाधिकारी पद पर तैनात रहे आरके सिंह को दिया है। उन्होंने कहा कि मैं उन्हीं की प्रेरणा से इस मुकाम को हासिल कर पाया। सफलता के इस मोड़ पर गंभीर सिंह ने अपनी जीवन संगिनी का भी धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि इस सफलता के लिये मैं अपनी पत्नी का भी बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं।

## वक्फ बिल पर जेपीसी रिपोर्ट संसद में पेश, बरपा हंगामा
# 'ऐसी फर्जी रिपोर्ट को हम नहीं मानेंगे' : खड़गे



**नई दिल्ली।** बजट सत्र के पहले चरण के आखिरी दिन संसद में वक्फ संशोधित बिल पर जेपीसी रिपोर्ट पेश करने को लेकर हंगामा हुआ। राज्यसभा में इखढ सांसद मेधा कुलकर्णी ने तो लोकसभा में खढउ चेयरमैन और भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने इस रिपोर्ट को पेश किया। इसे लेकर दोनों सदनों में विपक्ष ने आपत्ति जताई।

इनका आरोप है कि जेपीसी रिपोर्ट में उनकी असहमतियों को डिलीट कर दिया गया। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'जेपीसी की यह रिपोर्ट फर्जी है। इसमें विपक्ष की असहमतियों को डिलीट कर दिया गया। ये असंवैधानिक है।' आप सांसद संजय सिंह ने कहा, 'हमने अपना पक्ष रखा। इससे सहमत या असहमत हो सकते हैं, लेकिन कूड़ेदान में कैसे डाल सकते हैं।' इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'विपक्ष के कुछ सदस्यों ने आपत्ति जताई थी कि उनकी राय को इसमें नहीं जोड़ा गया। मैं कहना चाहता हूं कि विपक्ष के सदस्य संसदीय कार्य प्रणाली के तहत जो कुछ भी जोड़ना चाहते हैं, वो जोड़ सकते हैं। उनकी पार्टी को इसमें कोई भी आपत्ति नहीं है।' लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नया आयकर बिल पेश किया। सरकार का दावा है कि यह मौजूदा इनकम टैक्स एक्ट-1961 को सरल बनाकर आयकर कानून को आम लोगों के समझने योग्य बनाएगा और इससे जुड़ी मुकदमेबाजी घटेगी। नया इनकम टैक्स बिल मौजूदा इनकम टैक्स-1961 से आकार में छोटा है। हालांकि धाराएं और शेड्यूल ज्यादा हैं। 622 पन्नों के नए बिल में 23 चैप्टर में 536 धाराएं हैं और 16 शेड्यूल हैं, जबकि मौजूदा आयकर अधिनियम में 298 धाराएं, 14 शेड्यूल हैं और यह 880 से अधिक पन्नों का है। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने कहा-रिपोर्ट में असहमति शामिल की जाएंगी।

### लोकपाल को अब तक 2400 से अधिक भ्रष्टाचार की शिकायतें मिलीं

राज्यसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में केंद्र सरकार ने बताया कि लोकपाल को अब तक 2400 से अधिक भ्रष्टाचार की शिकायतें मिली हैं। बता दें कि लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 (2014 का 1) 16 जनवरी, 2014 से लागू हुआ था। केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक लिखित उत्तर में बताया कि लोकपाल की स्थापना हो चुकी है। यह पूरी तरह से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अब तक दर्ज हो चुकी नियमित शिकायतों की संख्या 2426 हो चुकी है। उन्होंने बताया कि दर्ज की गई कुल शिकायतों में से 31 जनवरी तक 2350 शिकायतों का निपटारा किया जा चुका है। वर्तमान में लोकपाल अध्यक्ष के अलावा कुल छह सदस्य हैं।

## संपादकीय

# तेजस में देरी ठीक नहीं

एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने एयरो इंडिया 2025 में एचएएल की क्षमता पर संदेह जताया है। इसमें भारतीय वायुसेना को तेजस फाइटर जेट्स की सप्लाई में देरी का मुद्दा उठाया गया है, जो देश की रक्षा तैयारियों के लिए चिंताजनक है। चीन की सैन्य चुनौतियों के मद्देनजर समय पर तेजस की आपूर्ति आवश्यक है। बेंगलुरु में हो रहे एयरो इंडिया 2025 के दौरान वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के इस बयान का चर्चा में आ जाना हैरत पैदा करता है कि उन्हें सार्वजनिक क्षेत्र की रक्षा कंपनी की क्षमता पर भरोसा नहीं है। हालांकि यह किसी आधिकारिक ब्रीफिंग का हिस्सा नहीं था, लेकिन यूट्यूब पर जारी विडियो एयरो इंडिया से जुड़े कार्यक्रम का है।

बयान पर विवाद वैसे यह कोई पहला मौका नहीं है जब देश के किसी वायु सेना प्रमुख ने ल्अछ की ओर से सप्लाई में देरी को मुद्दा बनाया हो, लेकिन जिस तरह से और जिस मौके पर यह बयान आया, वह सामान्य नहीं है। देश की रक्षा तैयारियों को लेकर इस तरह के विवाद कोई अच्छा संदेश नहीं देते।

वायु सेना की चिंता इस बयान के पीछे छुपी वायु सेना प्रमुख की चिंता समझी जा सकती है। एयरफोर्स को फाइटर जेट तेजस मिलने में एक साल से ज्यादा की देर हो चुकी है। इस तरह की देरी बहुत गंभीर है। इससे एयरफोर्स की लड़ाकू क्षमता इससे प्रभावित होती है। एयरचीफ मार्शल की इस शिकायत को हलके में नहीं लिया जा सकता कि बार-बार कहने और नई डेडलाइन देने के बाद भी उसका पालन नहीं हो पा रहा।

तकनीकी दिक्कतें सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर इस तरह की देरी की क्या वजहें हैं। एचएएल की ओर से कहा गया है कि जो भी तकनीकी बाधाएं थीं, वे अब दूर हो गई हैं और इसीलिए आने वाले तीन वर्षों की समयावधि में एयरफोर्स को 83 तेजस दे दी जाएंगी। दरअसल इस प्रक्रिया से कई तरह की जटिलताएं जुड़ी होती हैं। देरी की एक बड़ी वजह अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस की ओर से समय पर 04 इंजन की सप्लाई नहीं हो पाना भी है। दोनों देशों के बीच तकनीकी हस्तांतरण समझौतों की जटिलता भी इसमें आड़े आती है। चीन से चिंता एयर चीफ मार्शल की बात को भारत की सीमा संबंधी चुनौतियों से जोड़कर भी देखा जाना जरूरी है। चीन की सैन्य क्षमता भारत से कहीं ज्यादा है। हाल ही में उसने छठी पीढ़ी के ख-36 फाइटर जेट्स की नुमाइश की थी, वहीं दो वर्षों में पाकिस्तान को उससे स्टेल्थ जेट भी मिलने वाले हैं। ऐसे में भारतीय वायुसेना को किसी भी संभावित चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहना होगा और उसके लिए समय पर तेजस की सप्लाई जरूरी है।

# उतार-चढ़ाव के बाद लगातार सातवें दिन गिरा बाजार, सेंसेक्स 32 अंक टूटा, निफ्टी भी फिसला



**नई दिल्ली।** 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को 32.11 अंक या 0.04 प्रतिशत गिरकर 76,138.97 पर बंद हुआ। सत्र के अधिकांश समय सूचकांक सकारात्मक दायरे में रहा। बेंचमार्क ने दिन के उच्चतम 76,764.53 और निम्नतम 76,013.43 के बीच 751.1 अंक का उतार-चढ़ाव किया। एनएसई निफ्टी 13.85 अंक या 0.06 प्रतिशत गिरकर 23,031.40 पर आ गया। आइए जानें शेयर बाजार का पूरा हाल।

चुनिंदा आईटी और बैंकिंग शेयरों में बिकवाली और विदेशी फंडों की निकासी जारी रहने के कारण गुरुवार को बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुरूआती बढ़त खोकर लगातार सातवें दिन गिरावट के साथ बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 32.11 अंक या 0.04 प्रतिशत गिरकर 76,138.97 पर बंद हुआ। सत्र के अधिकांश समय सूचकांक सकारात्मक दायरे में रहा। बेंचमार्क ने दिन के उच्चतम 76,764.53 और निम्नतम 76,013.43 के बीच 751.1 अंक का उतार-चढ़ाव किया। एनएसई निफ्टी 13.85 अंक या 0.06 प्रतिशत गिरकर 23,031.40 पर आ गया। 30 शेयरों वाले ब्लू-चिप पैक में अडानी पोर्ट्स, इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारतीय स्टेट बैंक, नेस्ले और टाइटन पिछड़ गए। सन फार्मा, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक और जोमैटो में सर्वाधिक लाभ रहा।

एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 4,969.30 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची। बाजार के जानकारों के अनुसार घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़ों में नरमी के कारण बाजार में शुरूआती आशावाद के बावजूद, अनिश्चित वैश्विक संकेतों और कॉर्पोरेट आय में कमी के कारण रैली की गति कम हो गई। इसके अलावा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता में बढ़ती रुचि के कारण चीनी प्रौद्योगिकी शेयरों में उछाल ने एफआईआई को अधिक आकर्षक रिटर्न की तलाश में पुनर्निर्देशित किया। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बाजार प्रतिभागी अब संभावित वापसी रैली के लिए व्यापार और टैरिफ रियायतों के लिए ट्रम्प-मोदी वार्ता के परिणाम पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। गिरावट का रुख जारी रखते हुए खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी में पांच महीने के निचले स्तर 4.31 प्रतिशत पर आ गई, जिसका मुख्य कारण सब्जियों, अंडों और दालों की कीमतों में गिरावट थी। एशियाई बाजारों में सियोल और टोक्यो सकारात्मक दायरे में बंद हुए।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में पेश किया नया आयकर बिल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में आयकर विधेयक, 2025 पेश किया और अध्यक्ष ओम बिरला से इसे सदन की प्रवर समिति को भेजने का आग्रह किया। विपक्षी सदस्यों ने विधेयक को प्रस्तुत करने के दौरान इसका विरोध किया, लेकिन सदन ने इसे प्रस्तुत करने के लिए ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित कर दिया। विधेयक को पेश करते हुए सीतारमण ने बिरला से आग्रह किया कि वे मसौदा कानून को सदन की प्रवर समिति को भेजें, जो अगले सत्र के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। उन्होंने अध्यक्ष से प्रस्तावित पैनल की संरचना और नियमों पर निर्णय लेने का आग्रह किया।

बहुप्रतीक्षित विधेयक में ३कर निर्धारण वर्ष३ और ३पूर्व वर्ष३ जैसे शब्दों के स्थान पर ३कर वर्ष३ जैसे सरलीकृत शब्द रखे जाएंगे, जो कि आयकर कानून की भाषा को सरल बनाने बनाएगा। इसके साथ ही नए कानून से अनावश्यक प्रावधान और स्पष्टीकरण भी हट जाएंगे।

### वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में किया था नए आयकर कानून का ऐलान

आयकर कानूनों को सरल बनाने के लिए नया कानून बनाने का एलान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी 2025 के अपने बजट भाषण में किया था। इस विधेयक को केंद्रीय कैबिनेट की भी मंजूरी मिल चुकी है। लोकसभा में पेश होने वाला नए आयकर विधेयक में 536 धाराएं है। इसमें 23 अध्याय है और यह 622 पन्नों का है। इस विधेयक के पारित होने के बाद नया आयकर कानून अधिक व्यवस्थित और वर्तमान कानून की तुलना में सरल होगा।

### नए आयकर कानून में मूल्यांकन वर्ष की अवधारणा होगी समाप्त

एक बार कानून बनने के बाद आयकर विधेयक 2025 छह दशक पुराने आयकर अधिनियम 1961 की जगह लेगा। पहले का कानून समय के साथ और विभिन्न संशोधनों के बाद काफी जटिल हो गया है, इसलिए इसकी जगह नया आयकर विधेयक लाया जा रहा है। सरकार की ओर से प्रस्तावित नए कानून में, आयकर अधिनियम, 1961 में उल्लिखित ह्यपिछले वर्ष शब्द को बदलकर ह्यकर वर्ष कर दिया गया है। इसके साथ ही, मूल्यांकन वर्ष (अ ) की अवधारणा को समाप्त कर दिया गया है।

### नए कानून में कर निर्धारण वर्ष की अवधारणा होगी समाप्त

वर्तमान में, पिछले वर्ष (2023-24) में अर्जित आय के लिए, कर का भुगतान निर्धारण वर्ष (2024-25) में किया जाता है। इस नये विधेयक में पिछले वर्ष और निर्धारण वर्ष की अवधारणा को हटा दिया गया है और सरलीकृत विधेयक में केवल कर वर्ष की बात कही गई है। आयकर विधेयक, 2025 में 536 धाराएं शामिल हैं।

## केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का ऐलान

# 'भारत खिलौने, फुटवियर विनिर्माण के लिए नई नीतियां लाएगा'

**नई दिल्ली।** सरकार जल्द ही भारत में खिलौनों और जूतों के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए नई नीतियां पेश करेगी। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह बात कही है। गोयल ने कहा इस कदम का उद्देश्य देश को इन क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनाना है। बुधवार को बेंगलुरु में इन्वेस्ट कर्नाटक 2025- ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट में बोलते हुए, गोयल ने खिलौना उद्योग में सरकार के प्रयासों पर भी बात कही। उन्होंने कहा, हमारे खिलौनों का आयात घटकर 50 प्रतिशत रह गया है। हमारा निर्यात अब 5 साल पहले की तुलना में 3.5 गुना है, और हम जल्द ही खिलौनों, जूतों में विनिर्माण को और बढ़ावा देने के लिए नीतियां लेकर आएंगे, ताकि हम इन क्षेत्रों में वैश्विक चैंपियन बन सकें। उन्होंने कहा कि आगामी नीतियां भारत में खिलौनों और जूतों के विनिर्माण के विकास को और बढ़ावा देंगी। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने देश में उच्च तकनीक विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए सरकार के व्यापक प्रयासों पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत करीब 2 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, साथ ही सेमीकॉन मिशन के लिए 74,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इन पहलों का उद्देश्य इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, ऑटो कंपोनेंट, सेमीकंडक्टर और टेक्सटाइल जैसे उद्योगों को मजबूत करना है, जो महत्वपूर्ण रोजगार अवसर पैदा करते हैं। गोयल ने भारत की आर्थिक वृद्धि में कर्नाटक की महत्वपूर्ण भूमिका और विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सहयोग के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, हमारा ध्यान वैश्विक क्षमता केंद्रों पर है, जिन्हें पूरे देश में स्थापित किया जा रहा है और कर्नाटक, विशेष रूप से बेंगलुरु में बड़ी संख्या में वैश्विक क्षमता केंद्र हैं और आने वाले वर्षों में और भी कई केंद्र बनेंगे।



## आठ फीसदी विकास दर के लिए बड़े राज्यों को कम करना होगा'

**नई दिल्ली।** भारत में आठ प्रतिशत की दर से विकास करने के लिए बड़े राज्यों की संख्या घटानी होगी। ये विचार अर्थशास्त्री मोंटेक सिंह अहलूवालिया के हैं। उन्होंने भारत में शहरीकरण पर जोर दिया और कहा कि तेज गति से अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी है कि कई बड़े राज्यों को दो या तीन प्रदेशों में विभाजित करने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। भारत में तेज आर्थिक विकास के लिए कौन से प्रयास सबसे जरूरी हैं? इस सवाल पर तमाम अर्थशास्त्री अपने-अपने विचार साझा करते हैं। ताजा घटनाक्रम में भारतीय योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष और अर्थशास्त्री मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने कहा है कि भारत में 8% की विकास दर का लक्ष्य हासिल करने के लिए बड़े राज्यों को बांटना होगा।



## रोचक तथ्यों का करंट

- कुछ कीड़े भोजन न मिलने पर खुद को ही खा जाते हैं।
- शहद हजारों सालों तक खराब नहीं होता है।
- छीकते वक्त दिल की धड़कन 1 मिली सेकंड के लिए रुक जाती है।
- कंगारू कभी भी उल्टा नहीं चल सकते हैं।
- हमारा बयां पैर हमारे दाएं पैर से बड़ा होता है।
- गिलहरी का एक दांत हमेशा बढ़ता रहता है।
- एक कॉकरोच सिर काटने के बाद भी कई दिनों तक जीवित रह सकता है।
- आपको यह जानकर हैरानी होगी की लाइटर का आविष्कार माचिस से पहले हुआ था।
- दुनियां में सेब की इतनी प्रजातियाँ हैं कि अगर रोजाना एक सेब खाया जाए तो हर प्रकार का सेब खाने में 20 साल लगेंगे।
- एक शुतुरमुर्ग की आंखें उसके दिमाग से बड़ी होती हैं।
- स्त्रियों की कमीज के बटन बाएँ तरफ जबकि पुरुषों की कमीज के बटन दाएं तरफ होते हैं।
- घोड़े खड़े – खड़े भी सो सकते हैं, क्योंकि उनके पैर मजबूत होते हैं।

## राशिफल

**मेष:** आप अपने प्रेम जीवन में बदलाव की तीव्र इच्छा महसूस कर सकते हैं और अपने रिश्तों में जोखिम लेने के लिए अधिक खुले हो सकते हैं।
**वृष:** आप अपने रिश्तों में अधिक आत्मविश्वास महसूस कर सकते हैं और अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए अधिक खुले हो सकते हैं।
**मिथुन:** इस दौरान आपके रिश्तों में संचार महत्वपूर्ण रहेगा। आप अपने साथी के साथ गहरी बातचीत कर सकते हैं और गहरे स्तर पर जुड़ने में सक्षम होंगे।
**कर्क:** इस दौरान आप अपने रिश्तों में कुछ उतार-चढ़ाव का अनुभव कर सकते हैं, लेकिन कुल मिलाकर चीजें सकारात्मक रहेंगी।
**सिंह:** इस दौरान रिश्तों में जोश और उत्साह के बढ़े हुए स्तर का अनुभव कर सकते हैं। अपने साथी के साथ स्वयं को अधिक सहज और साहसी भी पा सकते हैं।
**कन्या:** इस दौरान आप अपने साथी के लिए प्यार और सराहना की भावना का अनुभव कर सकते हैं। उनके प्रति अधिक विचारशील और विचारशील भी हो सकते हैं।
**तुला:** आप अपने रिश्तों में अधिक आत्मविश्वास महसूस कर रहे होंगे और जोखिम लेने के लिए अधिक खुले हो सकते हैं।
**वृश्चिक:** इस दौरान आप अपने साथी के साथ अंतरंगता और भावनात्मक जुड़ाव के बढ़े हुए स्तर का अनुभव कर सकते हैं।
**धनु:** इस दौरान आप अपने रिश्तों में कुछ चुनौतियों का अनुभव कर सकते हैं, लेकिन कुल मिलाकर चीजें सकारात्मक रहेंगी।
**मकर:** आप इस दौरान अपने रिश्तों पर अधिक ध्यान केंद्रित महसूस कर सकते हैं और अपने साथी के साथ बंधन को मजबूत करने के बारे में अधिक सोच सकते हैं।
**कुंभ:** इस दौरान रिश्तों में अधिक चंचल और सहज पक्ष का अनुभव कर सकते हैं। भावनाओं को व्यक्त करने में अधिक आत्मविश्वास महसूस कर सकते हैं।
**मीन:** इस दौरान रिश्तों में प्यार और करुणा की भावना का अनुभव कर सकते हैं। आप अपने साथी के साथ एक गहरा भावनात्मक जुड़ाव भी महसूस कर सकते हैं।

## चुटकुले

मोनू अपने गांव से शहर में पढ़ने गया
मोनू के दोस्त –तुम्हारा निक नेम क्या है?
मोनू – ये क्या होता है?
दोस्त –अरे तुमको घर सब, किस
नाम से बुलाते हैं
मोनू – कामचोर, दोस्त बेहोश।

---

एक बार टीटू को अकबर के सैनिकों ने पकड़ लिया
और दरबार में लेके गये
अकबर – कौन हो तुम??
टीटू– महाराज मैं पप्पू हूं
अकबर – इतनी रात को हमारे महल में
क्या कर रहे थे?
टीटू – कुछ..कुछ नहीं महाराज (घबराते हुए)
अकबर – सैनिकों, इसे ले जाओ और बंदी बना दो
टीटू – महाराज रहम करो, मुझे बंदी मत बनाओ मुझे
बंदा ही रहने दो।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।
करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 14 02 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन


दीक्षा सेठ (अभिनेत्री)


पप्पू पहलवान (भाजपा नेता)


आराध्या पाल उर्फ अरु


अंजू सैन


परी बंसल


लिरॉय कपूर


नरेंद्र गोगिया


राहुल तोमर


राजबीर शर्मा


राजेश सीताराम


संजय कुमार


सोनू कसाना


सुरेश चक्रवर्ती प्रजापति


तरूण नागर


संजीव शर्मा


सचिन शर्मा


अमित पंवार


भारत भूषण शर्मा


मुकेश पोसवाल


संजीव निर्वाण


योगेंद्र सागर


पिन्टू चौधरी


मोंटी चौहान


सागर मिश्रा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# भारत चैंपियंस ट्रॉफी से पहले नहीं खेलेगा अभ्यास मैच, बीसीसीआई ने इस कारण लिया फैसला

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड को वनडे सीरीज में 3-0 से हराने वाली भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी से पहले कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेगी।



**इस आईसीसी टूर्नामेंट का आयोजन 19 फरवरी से पाकिस्तान और दुबई में होगा। भारत अपने सभी मुकाबले दुबई में खेलेगा क्योंकि उसने इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से इन्कार कर दिया था। अभ्यास मैच 14 से 17 फरवरी के बीच खेले जाएंगे**

### भारतीय टीम 15 फरवरी को पहुंचेगी दुबई

पाकिस्तान ने तीन शहीन्स (पाकिस्तान ए टीम) टीम की घोषणा की जो बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभ्यास मैच नहीं खेलने का फैसला किया है क्योंकि भारत इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की वनडे सीरीज खेल रहा था जो बुधवार को संपन्न हुई। भारतीय टीम को 15 फरवरी को दुबई पहुंचना है। अफगानिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश तीन अभ्यास मैच 14 और 17 फरवरी को खेलेंगे। अफगानिस्तान 16 फरवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ भी अभ्यास मैच खेलेगा।

दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड पहले ही पाकिस्तान में घरेलू टीम के साथ त्रिकोणीय सीरीज में हिस्सा ले रहे हैं। शादाब खान 14 फरवरी को लाहौर में अफगानिस्तान के खिलाफ शाहीन्स टीम की अगुआई करेंगे, जबकि 17 फरवरी को कराची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच में शाहीन्स टीम की कमान मुहम्मद हुरैरा के हाथ में होगी। दुबई में 17 फरवरी को ही बांग्लादेश के खिलाफ शाहीन्स टीम की कप्तानी मोहम्मद हारिस करेंगे। न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के बीच अभ्यास मैच 16 फरवरी को कराची में खेला जाएगा। सभी अभ्यास मैच दिन-रात्रि के होंगे।

**भारत का कार्यक्रम :** भारत अपना पहला लीग स्टेज का मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद 23 फरवरी को पाकिस्तान से मुकाबले के बाद टीम इंडिया को सात दिन का आराम मिलेगा।

# भारत के खिलाफ हार के बाद पीटरसन ने इंग्लैंड को लताड़ा, अभ्यास पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज गंवाने के बाद पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने इंग्लैंड टीम को जमकर लताड़ा है। भारत ने पांच मैचों की टी20 सीरीज 4-1 से जीतने के बाद तीन मैचों की वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। 19 फरवरी से होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले दोनों टीमों की यह आखिरी सीरीज थी। भारत ने जहां इस सीरीज में तीनों ही विभाग में दम दिखाया, वहीं इंग्लैंड प्रभावित करने में असफल रहा।




### अभ्यास की कमी को बताया कारण

करारी हार से आहत पीटरसन ने अभ्यास की कमी के चलते इंग्लैंड पर निशाना साधा है। पीटरसन का कहना है कि खिलाड़ियों का नेट गेंदबाजों का सामना करना चाहिए था और स्पिन खेलने की अपनी क्षमता पर काम करना था। इंग्लैंड ने कोलकाता में पहले टी20 मैच के साथ दौरे की शुरूआत से पहले दो ट्रेनिंग सत्र आयोजित किए, जबकि दूसरे और तीसरे टी20 मैच से पहले उन्होंने क्रमशः चेन्नई और राजकोट में एक-एक ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लिया। मेहमान टीम ने हालांकि पुणे और मुंबई में क्रमशः चौथे और पांचवें टी20 मैच से पहले ट्रेनिंग नहीं की। टीम ने कटक और अहमदाबाद में दूसरे और तीसरे वनडे मैच से पहले भी ट्रेनिंग सत्र आयोजित नहीं किए।

पीटरसन ने एक्स पर लिखा, मुझे खेद है, लेकिन मैं इस बात से पूरी तरह हैरान हूं कि इंग्लैंड ने पहला वनडे मैच हारने और टी20 सीरीज गंवाने के बाद से एक भी अभ्यास सत्र आयोजित नहीं किया। यह कैसे हो सकता है? कैसे? मेरा मानना है कि नागपुर के बाद इस सीरीज में जो रूट एकमात्र खिलाड़ी थे जिन्होंने नेट अभ्यास किया। इस दुनिया में एक भी खिलाड़ी ऐसा नहीं है जो ईमानदारी से कह सके कि वे बिना अभ्यास के बेहतर हो सकते हैं, जबकि वे हार रहे हैं। इंग्लैंड की टीम में एक भी खिलाड़ी ऐसा नहीं हो सकता जो भारत से रवाना होने वाले विमान में बैठकर खुद से कहे ।

# आरसीबी के नए कप्तान पाटीदार ने खिलाड़ियों के समर्थन पर दिया जोर

## बोले- कोहली के अनुभव से मिलेगी मदद

**बंगलुरू :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के नवनियुक्त कप्तान रजत पाटीदार ने नई जिम्मेदारी मिलने के बाद खिलाड़ियों के समर्थन पर जोर दिया है। उन्होंने साथ ही स्टार बल्लेबाज विराट कोहली से सीखने और उनके कप्तानी के अनुभव से मदद मिलने की उम्मीद जताई है। आरसीबी ने गुरुवार को पाटीदार को आगामी सीजन से पहले टीम का कप्तान नियुक्त किया था। पाटीदार फाफ डुप्लेसिस की जगह लेंगे।




### पाटीदार के पास कप्तानी का अनुभव

रजत पाटीदार शुरूआत से ही कप्तान बनने की दौड़ में शामिल थे। पाटीदार उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें फ्रेंचाइजी ने आगाजी सीजन के लिए रिटेन किया था। पाटीदार के पास सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में मध्य प्रदेश की कप्तानी करने का अनुभव है। 31 वर्षीय पाटीदार ने मध्य प्रदेश को अपनी कप्तानी में सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाया था, लेकिन टीम को खिताबी मुकाबले में मुंबई से पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।

### पाटीदार बोले - कोहली से सीखने का अवसर

पाटीदार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं मुकाबलों की स्थिति से वाकिफ हूं। इसलिए मुझे लगता है कि अपने खिलाड़ियों का समर्थन करना और हर परिस्थितियों में उनके साथ खड़े रहना और ऐसा माहौल देना महत्वपूर्ण है जहां वे सहज और आत्मविश्वास से भरा महसूस करें।

हमारे पास नेतृत्वकताओं का एक समूह है, जहां उनके अनुभव और विचार निश्चित रूप से मेरी नई नेतृत्व भूमिका में मदद करेंगे और एक व्यक्ति के रूप में भी प्रगति करने में मदद करेंगे।

# टीम की फील्डिंग से संतुष्ट हैं कोच दिलीप

## इस खिलाड़ी को मिला सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार

**अहमदाबाद।** भारतीय टीम के फील्डिंग कोच टी. दिलीप खिलाड़ियों के क्षेत्ररक्षण से काफी संतुष्ट हैं। इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के बाद दिलीप ने कहा कि खिलाड़ियों को अविश्वसनीय कैच लेने और रन रोकने का प्रयास करते हुए देखना बेहद संतोषजनक था। भारत ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए तीसरे मैच में इंग्लैंड को हराकर 3-0 से क्लीन स्वीप किया।




### दिलीप ने खिलाड़ियों के प्रयास को सराहा

पिछले कुछ समय से भारतीय टीम में सर्वश्रेष्ठ फील्डिंग पुरस्कार देने की परंपरा शुरू हुई है। ऐसा ही कुछ इस सीरीज में भी हुआ। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक वीडियो शेयर किया जिसमें दिलीप इम्पैक्ट फील्डर ऑफ द सीरीज पुरस्कार के दौरान खिलाड़ियों की प्रशंसा कर रहे हैं। दिलीप ने कहा, हमने हर समय कुछ शानदार मौके बनाए। मुझे लगता है ।

कि चाहे वह आउटफील्ड में शानदार क्षेत्ररक्षण हो या अद्भुत कैच लेना हो, पीछे की ओर दौड़ना हो और साथ ही मैच के अहम मोड़ पर महत्वपूर्ण रन आउट करना हो, मुझे लगता है कि सभी ने शानदार प्रयास किया। एक टीम के तौर पर हम अपने क्षेत्ररक्षण पर बहुत गर्व करते हैं और इस पूरी सीरीज में संयम और निरंतरता के साथ खेलना बेहद संतोषजनक रहा।

दिलीप ने कहा कि सीरीज के सर्वश्रेष्ठ फील्डर का चयन करना कठिन काम था। उन्होंने उपकप्तान शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर और हर्षित राणा के प्रयासों की प्रशंसा की।

दिलीप ने कहा, दावेदारों की बात करें तो मेरे लिए यह थोड़ा मुश्किल था। सबसे पहले एक तेज गेंदबाज होने के नाते वह प्रतिबद्धता दिखा रहा है और इन तीन वनडे मुकाबलों के दौरान मुझे लगता है कि हर्षित राणा ने लगभग 10 से अधिक रन बचाए।

### श्रेयस अय्यर को मिला अवॉर्ड

सीरीज के इम्पैक्ट फील्डर का पदक श्रेयर अय्यर को मिला जिन्होंने न केवल अपनी बल्लेबाजी बल्कि अपने क्षेत्ररक्षण कौशल से भी प्रभावित किया।

# केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेले जाएंगे एलएलसी टेन-10 के सभी मैच

**नई दिल्ली।** अमर उजाला और लीजेंड्स लीग क्रिकेट की ओर से आयोजित की जा रही एलएलसी टेन-10 लीग का आज से आगाज होने जा रहा है। इस लीग के जरिये क्रिकेट का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोलने को तैयार है। गुरुवार को उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक इस लीग का उद्घाटन करेंगे। इस लीग में कुल 24 मैच खेले जाएंगे। ग्रुप स्टेज से लेकर 22 फरवरी को होने वाले फाइनल तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम में रौनक रहने वाली है। आइए केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बारे में आपको बताते हैं...



### फैंस का विशेष तौर पर रखा जाएगा ध्यान

केडी सिंह बाबू स्टेडियम को पहले सेंट्रल स्पोर्ट्स स्टेडियम के नाम से जाना जाता था। यह एक बहुउद्देश्यीय स्टेडियम है। इसका नाम प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी केडी सिंह के नाम पर रखा गया है। स्टेडियम का निर्माण 68 साल पहले यानी 1957 में हुआ था और यह लखनऊ के हजरतगंज इलाके के परिवर्तन चौक के पास स्थित है । इस स्टेडियम में 25 हजार लोगों के बैठने की क्षमता है। एलएलसी टेन 10 लीग के लिए खिलाड़ियों के लिए खास तौर पर डग आउट बनाया गया है। साथ ही फैंस की तमाम सुख सुविधाओं का भी ध्यान रखा गया है।

# मुझे किंग-शिंग बोलना कम करें

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज 19 फरवरी से पाकिस्तान और यूएई में होने जा रहा है। इससे पहले पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम ने पाकिस्तान की मीडिया और अपने फैंस से एक खास रिक्वेस्ट की है। जैसे विराट कोहली को भारत किंग कहा जाता है, वैसे ही बाबर आजम को पाकिस्तान में इस नाम से बुलाया जाता है। मगर अब बाबर आजम ने पाकिस्तान के फैंस और मीडिया से उन्हें इस नाम से ना बुलाने की अपील की है। उनका कहना है कि वह किंग नहीं है, जब वह क्रिकेट छोड़ेंगे तब वह इस पर बात करेंगे।




वायरल वीडियो में बाबर आजम ने मीडिया से बात करते हुए कहा, ह्लपहली बात तो ये है किंग-शिंग बोलना जरा कम करें मैं कोई किंग नहीं हूंङ्कजब छोड़ेंगे तब उस पर बात करेंगे। देखें मेरे लिए नया रोल है।

वनडे क्रिकेट में नंबर-3 पर खेलने वाले बाबर आजम को चैंपियंस ट्रॉफी में नया रोल मिला है। वह फखर जमन के साथ पारी का आगाज कर रहे हैं। साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी ट्राई सीरीज में भी उन्होंने ओपनिंग की मगर अभी तक दो मुकाबलों में वह ज्यादा कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ वह 10 तो साउथ अफ्रीका के खिलाफ 23 रन बनाकर आउट हुए।

# रजत पाटीदार के कप्तान बनने से खुश हैं विराट कोहली

## आरसीबी की कमान संभालने पर दिया ये संदेश

**नई दिल्ली।** विराट कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के नए कप्तान बनने पर रजत पाटीदार को शुभकामनाएं दी हैं और कहा कि उन्होंने यह हक प्राप्त किया है। पाटीदार को गुरुवार को आईपीएल 2025 सीजन से पहले टीम की कप्तान बनाया गया है। पाटीदार 2022 से आरसीबी फ्रेंचाइजी का हिस्सा हैं। कोहली ने यह जिम्मेदारी मिलने के बाद कहा कि पाटीदार को पूरी टीम का समर्थन मिलेगा।




**कोहली बोले- पाटीदार ने साबित किया वह नेतृत्व कर सकते हैं :** कोहली ने कहा कि पाटीदार ने मध्य प्रदेश की कमान संभालकर साबित किया है कि वह टीम का नेतृत्व कर सकते हैं। उन्होंने साथ ही आरसीबी के प्रशंसकों से आगामी सीजन में उनका समर्थन करने की अपील की। रजत पाटीदार शुरूआत से ही कप्तान बनने की दौड़ में शामिल थे। पाटीदार उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें फ्रेंचाइजी ने आगाजी सीजन के लिए रिटेन किया था। पाटीदार के पास सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में मध्य प्रदेश की कप्तानी करने का अनुभव है।

**आरसीबी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया वीडियो :** 3 ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कोहली का एक वीडियो संदेश पोस्ट किया जिसमें इस स्टार बल्लेबाज ने कहा, पहले तो मैं पाटीदार को बधाई देना चाहता हूं और कहना चाहता हूं कि जिस तरह आप फ्रेंचाइजी में विकसित हुए और आपने प्रदर्शन किया।

आप आरसीबी के प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाने में सफल रहे। ये सभी आपको खेलता देखने के लिए उत्साहित हैं। आप इसके हकदार थे और मैं आपसे कहना चाहता हूं कि मैं और टीम का हर सदस्य आपके साथ खड़ा रहेगा और आपका समर्थन करेगा।

कोहली ने कहा, यह बड़ी जिम्मेदारी है और मैंने काफी वर्षों तक तथा फाफ डुप्लेसिस ने पिछले कुछ वर्षों में इस जिम्मेदारी को निभाया है।

# आज से होगा महिला प्रीमियर लीग के तीसरे संस्करण का आगाज

**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग के तीसरे संस्करण की शुरूआत शुक्रवार से होगी। इस टूर्नामेंट में कुल पांच टीमें शामिल होंगी। पहली बार टूर्नामेंट का आयोजन चार शहरों में होगा। इनमें बड़ौदा, बंगलुरू, मुंबई और लखनऊ शामिल हैं।




### टूनार्मेंट में कुल 22 मैच खेले जाएंगे

इस टूनामेंट में कुल पांच टीमें शामिल हैं। सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 2-2 मैच खेलेंगी। इस तरह एक टीम कुल आठ मुकाबले खेलेगी। टूनार्मेंट में कुल 22 मैच खेले जाएंगे। 14 फरवरी से 11 मार्च तक लीग स्टेज के 20 मुकाबले खेले जाएंगे। दिलचस्प बात यह है कि इस बार किसी भी दिन डबल हेडर नहीं होगा यानी एक भी दिन दो मैच नहीं खेले जाएंगे।

हमेशा की तरह इस बार भी महिला प्रीमियर लीग का आगाज रंगारंग कार्यक्रम के साथ होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) इस लीग की ओपनिंग सेरेमनी या उद्घाटन समारोह आयोजित करेगा। आइये जानते हैं आप इस टूर्नामेंट के सभी मैच कब, कहां और कैसे फ्री में देख सकते हैं।

**कब खेला जाएगा महिला प्रीमियर लीग 2025 का पहला मैच?** महिला प्रीमियर लीग 2025 का पहला मैच 14 फरवरी यानी कल खेला जाएगा। महिला प्रीमियर लीग 2025 का पहला मुकाबला किन टीमों के बीच खेला जाएगा? महिला प्रीमियर लीग 2025 का पहला मुकाबला गुजरात जाएंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा।

महिला प्रीमियर लीग 2025 का पहला मुकाबला कितने बजे से शुरू होगा? महिला प्रीमियर लीग 2025 का पहला मुकाबला गुजरात जाएंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा। इस मैच का टॉस सात बजे होगा। महिला प्रीमियर लीग 2025 का उद्घाटन समारोह कितने बजे से शुरू होगा?

महिला प्रीमियर लीग 2025 का उद्घाटन समारोह मैच शुरू होने से ठीक एक घंटे पहले यानी शाम 6:30 बजे शुरू होगा। किस टीवी चैनल पर प्रसारित होंगे महिला प्रीमियर लीग 2025 के सभी मुकाबले? महिला प्रीमियर लीग 2025 के प्रसारण का अधिकार स्पोर्ट्स 18 नेटवर्क के पास है।

# बुमराह के बाहर होने पर कपिल देव की आई प्रतिक्रिया

## वरुण को टीम में शामिल करने का बचाव किया

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। बुमराह का बाहर होना भारत के लिए झटका है जो 19 फरवरी से शुरू होने वाले इस टूनार्मेंट को जीतने का प्रबल दावेदार है। बुमराह के बाहर होने को लेकर अब पूर्व कप्तान कपिल देव की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। कपिल का कहना है कि बुमराह जैसे खिलाड़ी का बाहर होना किसी भी टीम के लिए परेशानी का सबब बन सकता है।




### भारत ने टीम में किए थे दो बदलाव

वर्ष 2024 में शानदार प्रदर्शन करने के कारण आईसीसी के टेस्ट और वर्ष का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुने गए बुमराह पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण मंगलवार को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए थे। भारतीय टीम ने बुमराह की जगह तेज गेंदबाज हर्षित राणा को 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया था। इतना ही भारत ने प्रारंभिक टीम में दो बदलाव किए थे। बुमराह के अलावा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी इस टूनार्मेंट में नहीं खेल सकेंगे और उनकी जगह स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को शामिल किया गया था।

कपिल ने कहा, बुमराह ने पिछले दो वर्षों में शानदार प्रदर्शन करके अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी है। मुझे नहीं लगता कि दुनिया के किसी अन्य तेज गेंदबाज ने उनकी तरह प्रभावशाली प्रदर्शन किया हो।

बुमराह, रविचंद्रन अश्विन, अनिल कुंबले, जहीर खान जैसे मैच विजेता खिलाड़ियों का चोटिल हो जाना किसी भी टीम के लिए परेशानी का सबब बन सकता है। मैं यही उम्मीद करता हूं कि बुमराह जल्द से जल्द वापसी करें क्योंकि एक बड़ा खिलाड़ी हमेशा बड़ा खिलाड़ी ही रहता है।

### वरुण को टीम में लेने का किया समर्थन

कपिल ने स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में चुने जाने के फैसले का समर्थन किया।

# पेट्रोल पंप कैशियर से दिनदहाड़े 10 लाख 70 हजार की लूट

## बाइक सवार बदमाशों ने स्कूटी लूटी, सीसीटीवी की जांच में जुटी पुलिस

### खुलासे के लिए डीसीपी ने बनाई तीन टीमें

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** गुरुवार को दिनदहाड़े सिहानी गेट थानाक्षेत्र के मेरठ रोड स्थित पेट्रोल पंप से चंद कदमों की दूरी पर बाइक सवार बदमाशों ने स्कूटी पर 10 लाख 70 हजार रुपए कैश लेकर जा रहे हैं पेट्रोल पंप के कैशियर और उसके साथी के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश पिस्टल लहराते हुए मौके से फरार हो गए। लूट की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली, मौके पर एसीपी, डीसीपी और थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। इस मामले में सिहानी गेट थाना पुलिस ने लूट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने बताया है की घटना में पीड़ित के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। मौके पर सीसीटीवी फुटेज की जांच कराई जा रही है। घटना के खुलासे के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। प्रथम दृष्टया पुलिस का मानना है कि बदमाशों ने पूरी प्लानिंग के साथ वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस जिसकी जांच कर रही है।



### स्कूटी सवार कर्मियों पर पिस्टल लगाकर की लूट

**करंट क्राइम :** लूट की घटना मेरठ रोड की बताई जा रही है। जहां रतन प्रकाश बंसल का मेरठ रोड पर पेट्रोल पंप है। गुरुवार को पंप के कर्मचारी संजय कुमार अर्जुन बैग में 10 लाख 70 हजार रुपए कैश लेकर बैंक जमा करने के लिए जा रहे थे। जैसे ही सिहानी गेट थानाक्षेत्र के मेरठ रोड पर श्रीराम पिस्टन फैक्ट्री के सामने पहुंचे, तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने स्कूटी सवार दोनों कर्मचारियों पर तमंचा व पिस्टल तान दी। इसके बाद स्कूटी को रोक लिय,। गोली मारने की धमकी देते हुए बाइक पर आए बदमाश स्कूटी और कैश लूटकर मौके से फरार हो गए। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू की।

### पुलिस कई एंगल से कर रही है लूट जांच, पुरानी वारदातों की हो रही है पड़ताल

**करंट क्राइम :** पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिस तरीके से बाइक सवार बदमाशों ने स्कूटी सवार बैंक कर्मचारियों के साथ लूट की है। इस मामले में कवि नगर थानाक्षेत्र में हुई पूर्व की लूट का पुलिस रिव्यू कर रही है। तो वहीं जानकारी मिली है कि इसी तरीके से बदमाशों ने कुछ दिन पहले हापुड़ जिले में भी लूट की वारदात को अंजाम दिया था। वहीं पुलिस पेट्रोल पंप के मालिक शुभम का कहना है कि दोनों ही कर्मचारी प्रतिदिन कैश जमा करने जाते थे, पुलिस उनकी भी जांच कर रही है। इसके साथ ही अब तक पुलिस 50 से ज्यादा सीसीटीवी भी खंगाल चुकी है।

### पुलिस को व्यापारी नहीं देते कैश लाने ले जाने की सूचना

**करंट क्राइम :** पुलिस के अधिकारियों से जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में बड़े व्यापारियों, पेट्रोल पंप मालिकों, सोने के बड़ा कारोबारी और उद्यमियों से पुलिस कहती है कि वह किसी भी कैश की बड़ी ट्रांजैक्शन को लेकर आते जाते हैं, तो पुलिस को सूचना दे। पुलिस उनके साथ सुरक्षाकर्मी मुहैया कराएगी लेकिन अमूमन देखा जाता है कि व्यापारी इस तरह की सूचना नहीं देते और जब लूट की वारदात हो जाती है तो पुलिस के लिए नया चैलेंज हो जाता है।



लूट की वारदात के खुलासे के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। साथ ही पेट्रोल पंप के कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है।

**राजेश कुमार, डीसीपी सिटी जोन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद**

### मुरादनगर में गोली मारकर व्यापारी से लूट

**करंट क्राइम :** गुरुवार की रात मुरादनगर थानाक्षेत्र में व्यापार मंडल के व्यापारी मोहित गर्ग के साथी बबलू को बदमाशों ने गोली मारकर बैग लूट लिया। बताया जा रहा है कि बैग में डेढ़ लाख रुपए के आसपास कैश था, यह कैश वो घर लेकर जा रहे थे। जैसे ही घर के नजदीक पहुंचे तभी 5 से 6 लोगों ने उन्हें रोका और कहा सुनी होने के बाद गोली मारकर बैग लूट लिया। गनीमत रही की गोली मोहित गर्ग साथी बबलू के पैर में लगी है, उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। वहीं मुरादनगर पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मोहित गर्ग बड़े व्यापारी हैं और दिनभर में कई बार में कैश लेकर घर आते जाते हैं। बदमाशों की उनपर नजर थी और इसी दौरान बदमाशों ने घात लगाकर उनपर हमला बोला और लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया है।



# ग्रेनाइट गेट प्रॉपर्टीज के खिलाफ इओडब्ल्यू करे जांच

## नोएडा प्राधिकरण ने लिखा पत्र, 1589 करोड़ का बकाया, फ्लैट बेचकर पैसे किए डायवर्ट

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा प्राधिकरण ने ग्रेनाइट गेट प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड की दो परियोजनाओं में वित्तीय अनियमितता की जांच के लिए आर्थिक अपराध शाखा दिल्ली को पत्र लिखकर आग्रह किया है। इन दोनों परियोजनाओं पर कुल 1589.27 करोड़ रुपए बकाया है। इन लोगों ने योजना के तहत फ्लैट बनाए। आवंटन किया और पैसे प्राधिकरण में न जमाकर अन्य परियोजनाओं में लगा दिए।




### पहले प्रोजेक्ट पर बकाया 495.85 करोड़

प्राधिकरण ने बताया कि ग्रुप हाउसिंग भूखंड संख्या जीएच-03 सेक्टर-100 में 1 लाख 20 हजार वर्गमीटर जमीन का आवंटन 24 दिसंबर 20089 को रेड फोर्ट जहांगीर प्रोपर्टी प्राइवेट लिमिटेड व नाम बदलकर ग्रेनाइट गेट प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को किया गया। 30 दिसंबर 2008 को कंपनी के नाम लीज डीड की गई। आवंटी पर करीब 495.85 करोड़ रुपए बकाया है। जमा करने के लिए प्राधिकरण ने कई बार नोटिस जारी किए। प्राधिकरण ने बताया कि इस परियोजना के प्रमोटर विदुर भरद्वाज, निर्मल सिंह, सुरप्रीत सिंह सूरी, गुरुबक्श सिंह , सुभाष बेदी और कल्याण यनमेंद्र ने परियोजना के फ्लैट बेचकर तृतीय पक्षीय अधिकार पैदा किए और पैसा प्राधिकरण के खाते में जमा नहीं करके अन्य स्थानों पर लगाया गया। जिससे फ्लैट बायर्स की रजिस्ट्री नहीं हो सकी। साथ ही प्राधिकरण को वित्तीय हानि का सामना करना पड़ा। ऐसे में प्राधिकरण में उक्त परियोजना के प्रमोटर की वित्तीय अनियमितताओं के लिए ईओडब्ल्यू को पत्र लिखा है।

### दूसरे पर 1093.42 करोड़

इसके अलावा भूखंड संख्या जीएच-05 सेक्टर-110 में 1 लाख 64 हजार 120 वर्गमीटर का आवंटन 10 दिसंबर 2009 को ग्रेनाइट गेट प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को किया गया। 29 दिसंबर 2009 को लीज डीड की गई। इस परियोजना पर प्रमोटर का करीब 1093.42 करोड़ बकाया है। ये पैसा बिल्डर ने अब तक प्राधिकरण में जमा नहीं किया। इस परियोजना में उक्त प्रमोटरों ने फ्लैट बेचकर पैसा कमाया। लेकिन प्राधिकरण में जमा नहीं किया। प्राधिकरण में ईओडब्ल्यू को जांच के लिए आग्रह किया है।

SPECIAL WISHES

दैनिक करंट क्राइम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वेलेंटाइन डे पर कनिका कपूर को 20 साल पहले ईश्वर ने दुनिया का सबसे शानदार गिफ्ट दिया था। इस तारीख को कनिका कपूर को पुत्र रत्न के रूप में लिराय कपूर मिले। क इस तरह वेलेंटाइन डे को दुनिया की सबसे शानदार जोड़ी बनी। आज अपने जिगर के टुकड़े प्यारे बेटे लिराय के हैप्पी बर्थडे पर कनिका कपूर ने उसके लिए दुनिया की सारी खुशियां मांगी। ईश्वर ने उसकी कुशलता सफलता उत्तम स्वास्थ्य लंबी आयु यशस्वी जीवन की कामना की।


# मासूम गर्म सब्जी के बर्तन में गिरा, इलाज के दौरान मौत

**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे ने परिवार को झकझोर कर रख दिया। बागपुर गांव स्थित एक ईंट भट्ठे पर आयोजित शादी समारोह में 5 वर्षीय मासूम की गर्म सब्जी के बर्तन में गिरने से मौत हो गई। घटना 9 फरवरी की है, जब अलीगढ़ निवासी साहिद अपने 5 वर्षीय बेटे सुफियान और परिवार के साथ अपने साले की शादी में शामिल होने आए थे। शादी समारोह के दौरान खेलते समय सुफियान अचानक गर्म सब्जी के बर्तन में गिर गया, जिससे उसका पूरा शरीर गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन तुरंत घायल बच्चे को बिलासपुर के एक निजी अस्पताल ले गए। हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान गुरुवार को मासूम ने दम तोड़ दिया। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि परिवार ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। चूंकि परिवार कोई कानूनी कार्रवाई नहीं चाहता, इसलिए मृतक का पोस्टमॉर्टम नहीं कराया गया है।



### 10 साल की काव्या ने टीएसके राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में सब जूनियर वर्ग का गोल्ड मेडल जीता

**मोदीनगर।** मोदीनगर के कस्बा निवाड़ी की प्रतिभाशाली छात्रा काव्या त्यागी ने टीएसके राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सब जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया है। मात्र 10 वर्ष की उम्र में इस उपलब्धि को हासिल करने वाली काव्या कक्षा पांच की छात्रा हैं। नोएडा स्टेडियम में आयोजित इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में देशभर से एक हजार से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। श्यामसुंदर त्यागी की पुत्री काव्या ने अपने प्रतिभाशाली प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया और सब जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया।



### कंपनी में युवक ने किया सुसाइड, पंखे से लगाया फंदा

**नोएडा (करंट क्राइम)।** थाना फेस- वन क्षेत्र के सेक्टर 9 में स्थित एक कंपनी में काम करने वाले युवक ने कंपनी के अंदर बाथरूम में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया है। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस कंपनी के लोगों से पूछताछ कर रही है। थाना फेस -वन के प्रभारी निरीक्षक अमित भड़ाना ने बताया कि दीप उम्र 32 साल सेक्टर 9 स्थित एक कंपनी में काम करता था। पुलिस को सूचना मिली कि उसने कंपनी के अंदर पंखे से फंदा लगा लिया है। कंपनी का नाम ऑफशूट है। बताया गया कि दीप इस कंपनी में टीम लीडर था। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि युवक की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस कंपनी के एक अधिकारी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि युवक ने आत्महत्या क्यों की। वहीं आसपास के क्षेत्र में यह चर्चा है कि युवक की हत्या की गई है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।






## किस थ्री-स्टार की फिर नहीं हुई मुलाकात

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में लंबे समय से कई थ्री-स्टार लाइन में ही जमे हुए हैं। सुनने में आ रहा है कि उनको लाइन से बाहर नहीं किया जा रहा है, वह अंदर ही अंदर परेशान घूम रहे हैं। कई लोगों ने पूरे प्रयास करते हुए सेल में जगह तो बनाई पर उनपर अभी भी पूरी कृपा नहीं हो रही है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि कभी पुलिस कमिश्नरेट के सिटी से लेकर देहात और नदिया पार में अपनी पारी खोल खेल चुके हैं। उनका मामला देहात से ऐसा डीरेल हुआ कि अब तक वह नए प्रयासों में लगे हुए हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बताते हैं कि उन्होंने कमिश्नरेट से बाहर निकलने के तमाम प्रयास और जुगाड़ लगाए हैं, पर उनका मामला अटका हुआ ही बना हुआ है। वहीं सुनने में आ रहा है कि बीते कई बार उन्होंने साहब से मिलने का प्रयास भी किया ,लेकिन उसमें भी असफलता ही मिली थी। वहीं विश्वसनीय सूत्रों ने जानकारी दी है कि उनकी गुरुवार को लोकेशन पुलिस लाइन में थी और वह एक कार्यालय में एंट्री के प्रयास में थे ,पर फिर उनको निराशा हाथ लगी है। सूत्रों ने बताया है कि जिस थ्री-स्टार का यह मामला है ,उनके कई आईपीएस अधिकारियों से बेहतर संबंध रहे हैं लेकिन गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में वह अपने मामले को सेट नहीं कर पा रहे हैं। कहा जा रहा है कि यही मामला है कि वह लाइन के बाद एक सेल में तो पहुंच गए, पर उनका मामला अभी भी डीरेल वाला ही चल रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों से जानकारी मिली है कि उनका जो मामला खराब हुआ उसमें उनकी स्पीड रुक गई और स्पीड रुकने का खामियां यह है कि ना तो यह थ्री-स्टार पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम से बाहर जा पा रहे हैं और ना ही उनका कोई समाधान हो रहा है। उधर पुलिस सूत्रों ने बताया है कि कुछ समय पहले उन्होंने यहां से निकलने के लिए तमाम प्रयास किया, जो असफल रहा और गुरुवार को उनकी मुलाकात वाला कार्यक्रम फिर एक बार असफल ही रहा, ऐसी सूत्रों द्वारा जानकारी दी गई है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट के सूत्र बता रहे हैं कि कमिश्नरेट में केवल एक ही थ्री-स्टार ऐसे नहीं हैं, जो परेशानी वाले दौर से गुजर रहे हों, कई नाम और भी हैं, जो या तो आजकल चुपचाप एसीपी कार्यालय में शांति से ड्यूटी दे रहे हैं या समय अच्छा आने का इंतजार कर रहे हैं।



# एसटीएफ ने पकड़े तीन साइबर ठग, फ्राड के लिए 34 खाते मिले

## मध्यप्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक , महाराष्ट्र किया डिजिटल अरेस्ट

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा एसटीएफ यूनिट ने डिजिटल अरेस्ट, गेमिंग , ट्रेडिंग ऐप के जरिए धोखाधड़ी करने वाले तीन ठगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग अनैतिक गतिविधियों के लिए बैंक खाते तक प्रोवाइड कराते थे। इनकी पहचान मोहन सिंह उर्फ रोकी , अरमान निवासी अलीगढ व संयम जैन निवासी बागपत हुई है। इनके खिलाफ मध्यप्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक , महा राष्ट , बैंगलोर सिटी में भी शिकायत मिली है। एसटीएफ यूनिट इने सभी पूछताछ कर रही है। इनके अब तक 34 खाते सामने आए है। जिनकी जांच की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक एसटीएफ राज कुमार मिश्र ने बताया कि 12 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि धोखाधड़ी करने के उद्देश्य से भारतीय बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले तीन लोग सेक्टर-45 के होटल में आने वाले है। खबर कंफर्म होने के बाद एसटीएफ नोएडा की टीम ने तीनों को पकड़ कर एसटीएफ कार्यालय लाया गया। उनके पास से मिले दस्तावेजों के आधार पर पूछताछ की गई। जिसमें साक्ष्य मिले की यही लोग ठगी के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराते थे। इन तीनों को गिरफ्तार किया गया।



गिरफ्तार किए गए मोहन ने बताया कि उसकी उम्र करीब 33 साल है वह 12वी पास है। 2021 में वो दिल्ली एनसीआर में टैक्सी चलाने का काम करता था। उसी दौरान उसकी जान पहचान गोरखपुर के रहने वाले राजन नाम व्यक्त से हुई। राजन ठगी के पैसों को ट्रांसफर करने के लिए अकाउंट उपलब्ध कराता था। मोहन राजन के साथ मिलकर काम करने लगा। मोहन ने राजन के जरिए ढाई महीने पहले कानपुर निवासी रोहन अग्रवाल और हर्षवर्धन गुप्ता से संपर्क किया। इन लोगों के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर फ्राड करने लगा। हवाला के जरिए बांटते थे पैसा पूछताछ में सामने आया कि ये लोग इस रकम को यूएसडीटी क्रिप्टो में बदलकर हवाला के जरिए बांटी जाती थी। इनके पूछताछ में अब तक 39 बैंक अकाउंट सामने आए है। जिनका प्रयोग इस संगठित गिरोह द्वारा किया जा रहा था। इन सभी अकाउंट की जांच की जा रही है। अब तक की जानकारी में कर्नाटक, महाराष्ट्र , दिल्ली , आंध्रप्रदेश, उप्र , वेस्ट बंगाल में कई लोगों से साइबर फ्राड करके करोड़ों रुपए की ठगी इस गिरोह ने की है।

# जंगल के पास मिला युवक का शव, सिर पर गंभीर चोट के निशान, पुलिस जांच में जुटी

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** जसरूप नगर गांव के जंगल में पास एक युवक का शव मिला। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलते ही हापुड़ कोतवाली पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका प्रबल हो गई है। कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के सटीक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है। मृतक की पहचान और हत्या के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है।




# बिजली के तार चोरी करने वाले 8 गिरफ्तार, एक फरार

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ के थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने बिजली के तार चोरी करने वाले एक बड़े गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने गिरोह के 8 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी अभी भी फरार है। आरोपियों के पास से 36 कुंतल चोरी का विद्युत तार, केबल काटने के उपकरण, अवैध हथियार और दो महिंद्रा पिकअप वाहन बरामद किए गए हैं। एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में अमरोहा के गंगा चोली के सरजीत, सुरेंद्र, सुभाष, रोहित, सुमित और रविंद्र तथा दिल्ली के सीलमपुर के करण और जीशान शामिल हैं। पुलिस ने इन्हें स्याना रोड पर बागड़पुर गांव के पास से पकड़ा। एक अन्य आरोपी राहुल, जो नई सीलमनगर का रहने वाला है, अभी फरार है। पुलिस के अनुसार, ये सभी शातिर अपराधी हैं और इनके खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। कलवा पर सात, जबकि सुरेंद्र, सुभाष, करण, रोहित, सुमित, रविंद्र और जीशान पर दो-दो मुकदमे दर्ज हैं। ये अपराधी न केवल हापुड़ बल्कि आसपास के जिलों में भी विद्युत तार चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। पकड़े गए आरोपी पूर्व में ठेकेदार की लेबर के रूप में बिजली लाइन का काम करता है। पुलिस ने कड़ी पूछताछ के बाद सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है और फरार आरोपी की तलाश जारी है। यह कार्रवाई क्षेत्र में विद्युत चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में एक बड़ी सफलता मानी जा रही है।




# टैक्स बढ़ोतरी का विरोध, व्यापार मंडल ने नपा अध्यक्ष के पति को दिया ज्ञापन

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** नगर पालिका परिषद द्वारा 1 अप्रैल 2025 से प्रस्तावित हाउस टैक्स और वॉटर टैक्स में बढ़ोतरी के विरोध में संयुक्त हापुड़ उद्योग व्यापार मंडल ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पति श्रीपाल सिंह को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में संयुक्त हापुड़ उद्योग मंडल के अध्यक्ष ललित अग्रवाल, महामंत्री संजय अग्रवाल, संयोजक मनीष कंसल, युवा अध्यक्ष राजीव गर्ग, युवा कोषाध्यक्ष सोनू बंसल सहित कई प्रमुख सदस्य शामिल थे। इसके अलावा सभासद अब्दुल मलिक, पूर्व सभासद बृजेश कुमार बिरजू, राकेश डेंटर, विशाल गुप्ता और वीरेंद्र बिट्टू भी मौजूद रहे। सहयोग का आश्वासन श्रीपाल सिंह ने व्यापारियों की मांगों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अन्य नगरपालिकाओं की टैक्स वृद्धि दर की तुलना में हापुड़ में न्यूनतम वृद्धि की जाएगी, जिसके लिए व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में शहर की अन्य महत्वपूर्ण समस्याओं जैसे सफाई व्यवस्था, जल निकासी, सड़कों का निर्माण, जल भराव और पार्किंग की समस्याओं पर भी गंभीर चर्चा हुई। श्रीपाल सिंह ने इन सभी समस्याओं के शीघ्र और पारदर्शी समाधान का भी आश्वासन दिया।



# पश्चिमी तट में साल के शुरू से अब तक 13 बच्चों की मौत, हाल के सप्ताहों में हिंसा ने पकड़ी तेजी





**नई दिल्ली ।** संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने इस्राइल के कब्ज वाले पश्चिमी तट में लगातार बढ़ती हिंसा के बीच बच्चों की दशा पर चिंता व्यक्त की है, जिसमें प्रभावित क्षेत्र में हताहत बच्चों की संख्या और विस्थापन में इजाफा हुआ है। यूनिसेफ के मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका के लिए क्षेत्रीय निदेशक एडुअर्ड बीगबेडर के एक वक्तव्य के मुताबिक, एजेंसी ने पश्चिमी तट में हथियारबंद गतिविधि को तुरंत बंद करने का आह्वान किया है।

गत शुक्रवार को गोली लगने से एक 10 वर्षीय फलस्तीनी लड़के की मौत हो गई और दो दिन बाद नूर शम्स शिविर में कथित तौर पर आठ महीने की गर्भवती महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसमें उस महिला के अजन्मे बच्चे की भी मौत हो गई। हाल के सप्ताहों में तेजी पकड़ी हिंसा ने बहुत से परिवारों को भारी पीड़ा में और समुदायों को भारी दबाव में धकेल दिया है। यूनिसेफ के अनुसार, वर्ष 2025 के शुरू से पश्चिमी तट में 13 फलस्तीनी बच्चों की मौत हुई है। मृतकों में एक दो वर्ष का बच्चा भी है, जिसकी गर्भवती मां घायल भी हो गई। इनमें से सात बच्चों की मौतें 19 जनवरी को बड़े पैमाने पर शुरू हुए इस्राइली सेना के अभियान के बाद हुई है। हिंसा में मौत के शिकार हो रहे बच्चों की बढ़ती संख्या एक चिंताजनक रुख की तरफ इशारा करती है।

एडुअर्ड बीगबेडर ने बताया कि पिछले 16 महीनों के दौरान उनसे पिछले 16 महीनों की तुलना में इस क्षेत्र में मारे गए फलस्तीनी बच्चों की संख्या में 200 फीसदी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 7 अक्तूबर 2023 से पूर्वी येरूशेलम सहित पश्चिमी तट में 195 फलस्तीनी बच्चे और तीन इस्राइली बच्चे मारे गए हैं।

जेनिन, तुलकरम और टुबास प्रशासनिक इलाकों में मानवीय स्थिति और भी बदतर हो गई है। यहां इस्राइल के हवाई हमलों, विध्वंस और विस्फोटक हथियारों के इस्तेमाल की वजह से बुनियादी ढांचे बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। लोग बिजली वा पानी जैसी बुनियादी जरूरतें पूरी हुए बिना ही जीवन जीन को मजबूर हैं।

इन इलाकों में चल रहे सैन्य अभियानों की वजह से हजारों परिवारों को विस्थापन करना पड़ा। सैकड़ों स्कूल प्रभावित हिंसा के बीच बच्चों की शिक्षा में रुकावट आई है। करीब 100 स्कूल प्रभावित होने के कारण बच्चों और शिक्षकों का स्कूल आना जोखिम से भरा है।

## काबुल में धमाका, मंत्रालय परिसर में हुआ विस्फोट ,एक की गई जान, तीन घायल

**काबुल ।** अफगानिस्तान के काबुल से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां गुरुवार को सरकारी मंत्रालय के परिसर में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। शहरी विकास और आवास मंत्रालय के प्रवक्ता मोहम्मद कमाल अफगान ने बताया कि एक व्यक्ति ने मंत्रालय के परिसर में हमला करने की कोशिश की, लेकिन वह अपने लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही सुरक्षा गार्डों ने उसे मार गिराया। घटना के बाद विस्फोट हुआ, जिससे हताहत हुए। हालांकि, प्रवक्ता ने विस्फोट के स्रोत के बारे में कुछ नहीं बताया और और कोई जानकारी नहीं दी।



### कुंदुज के पास भी हुआ था विस्फोट

हालांकि अभी तक किसी ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। बता दें कि मंगलवार को उत्तरी प्रांत कुंदुज में एक बैंक के पास हुए बम विस्फोट में भी कम से कम पांच लोग मारे गए और सात से अधिक लोग घायल हुए। इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह ने उस हमले की जिम्मेदारी ली थी, लेकिन उन्होंने हताहतों की संख्या अधिक बताई थी।

## अमेरिका में फिर विमान हादसा, इस बार नौसेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त, दोनों पायलट बचाए गए




**नई दिल्ली ।** अमेरिकी नौसेना का एक जेट बुधवार सुबह सैन डिएगो के तट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में दो पायलट सवार थे। हालांकि दोनों पायलटों को कोई चोट नहीं आई है। उन्हें एक मछली पकड़ने वाली नौका द्वारा बचाया गया और बाद में अस्पताल ले जाया गया।

अमेरिकी कोस्ट गार्ड के प्रवक्ता क्रिस्टोफर सैप्पी ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद मछली पकड़ने वाले जहाज प्रीमियर ने जेट के चालक दल के सदस्यों को बचा लिया और फिर उन्हें पास के सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा बल की नाव में भेजा। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत स्थिर है। क्रिस्टोफर सैप्पी ने बताया कि हादसे का शिकार जेट ई/ए-18जी ग्रोलर है। उसके मलबे तटरक्षक बल द्वारा एकत्रित किया जा रहा है। हालांकि ये हादसा कैसे हुआ अभी इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। हादसे की जांच की जा रही है।

बता दें कि ये हादसा तब हुआ है जब अमेरिका ने पिछले दो हफ्तों में चार बड़े विमान हादसे देखे हैं। 29 जनवरी को देश की राजधानी के पास एक वाणिज्यिक जेटलाइनर और एक सेना के हेलीकॉप्टर में टक्कर हुई थी, जिसमें 67 लोग मारे गए थे। इसके बाद 31 जनवरी को फिलाडेल्फिया में एक चिकित्सा परिवहन विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार छह लोग और जमीन पर एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई थी। वहीं, पिछले हफ्ते पश्चिमी अलास्का में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें सवार सभी 10 लोग मारे गए थे। वहीं दो दिन पहले यानी 11 फरवरी को एरिजोना के स्कॉट्सडेल एयरपोर्ट पर निजी जेट्स की आपस में टक्कर हो गई थी। इस दौरान कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई।

## 200 साल पुरानी आलीशान इमारत में दो दिन रहेंगे पीएम मोदी, खासियतें जानकर चौंक जाएंगे



**वॉशिंगटन ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को अपनी दो दिवसीय यात्रा पर अमेरिका पहुंचे हैं। यहां वह व्हाइट हाउस के पास स्थित 200 साल पुराने ऐतिहासिक अतिथि आवास ब्लेयर हाउस में ठहरे हैं। इसे भारतीय ध्वज से सजाया गया है। पीएम मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर अमेरिका की यात्रा कर रहे हैं।

ब्लेयर हाउस व्हाइट हाउस के ठीक सामने 1651 पेंसिल्वेनिया एवेन्यू में स्थित है। यह ऐतिहासिक आवास कोई साधारण अतिथि गृह नहीं है, बल्कि यह अमेरिका की आतिथ्य और कूटनीति का प्रतीक है। ब्लेयर हाउस में राष्ट्रपतियों, राजघरानों और वैश्विक नेताओं की मेजबानी की जाती है, इसलिए इसे 'दुनिया का सबसे विशिष्ट होटल' कहा जाता है।

### 135 कमरों का है ब्लेयर हाउस

ब्लेयर हाउस व्हाइट हाउस का 70,000 वर्ग फीट का आलीशान विस्तार है, जो चार जुड़े हुए टाउनहाउस का समूह है। इसमें 119 कमरे, 14 अतिथि शयन कक्ष, 35 बाथरूम, 3 औपचारिक भोजन कक्ष और एक ब्यूटी पार्लर है। ब्लेयर हाउस अपने मेहमानों को पांच सितारा अनुभव प्रदान करने के लिए सुसज्जित है। इसकी सजावट अमेरिकी इतिहास और शिल्प कला को दशार्ती है, जिसमें प्राचीन फर्नीचर, ललित कला और अनगिनत ऐतिहासिक कलाकृतियां हैं।

## लापता टाइटन पनडुब्बी को लेकर वर कोस्ट गार्ड ने जारी की ऑडियो रिकॉर्डिंग, टाइटैनिक का मलबा देखने गई थी

**पोटलैंड ।** यूएस कोस्ट गॉर्ड ने एक ऑडियो रिकॉर्डिंग जारी की है। इस रिकॉर्डिंग के बारे में बताया जा रहा है कि ये 19 जून 2023 में अटलांटिक महासागर में टाइटन पनडुब्बी में हुए विस्फोट की है। बता दें कि टाइटैनिक का मलबा दिखाने गई टाइटन पनडुब्बी 19 जून को अटलांटिक महासागर में चालक दल समेत पांच लोगों के साथ अचानक लापता हो गई थी। समुद्र के भीतर जाने के कुछ ही घंटे बाद टाइटन पनडुब्बी से संपर्क टूट गया था। लापता होने के चार दिन बाद अमेरिका के कोस्ट गार्ड ने उसके मलबे को बरामद किया था। तब अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने कहा कि पनडुब्बी हादसे का शिकार हो गई है।



### यूएस कोस्ट गार्ड ने जारी की रिकॉर्डिंग

यूएस कोस्ट गार्ड के अधिकारियों के अनुसार, यह रिकॉर्डिंग 7 फरवरी को सार्वजनिक की गई। इस रिकॉर्डिंग को विस्फोट स्थल से लगभग 900 मील (1,448 किलोमीटर) दूर स्थित एक निष्क्रिय ध्वनिक रिकॉर्डर से रिकॉर्ड किया गया। इस रिकॉर्डिंग में एक तेज आवाज सुनाई दे रही है, जो पानी के नीचे की गड़गड़ाहट जैसी लगती है। इसके बाद, कुछ सेकेंड के लिए रिकॉर्डिंग में आवाज शांत हो गई।

### पनडुब्बी में सवार सभी पांच लोगों की हो गई मौत

बता दें कि टाइटन पनडुब्बी उत्तरी अटलांटिक महासागर में टाइटैनिक जहाज के मलबे के पास पहुंचते-पहुंचते गायब हो गई थी, जिसमें पांच लोग सवार थे। पनडुब्बी के गायब होने के बाद तटरक्षक बल ने पांच दिनों तक पनडुब्बी की खोज की। इसके बाद, तटरक्षक बल के अधिकारियों ने बताया कि पनडुब्बी नष्ट हो गई है, और कोई भी जीवित नहीं बचा।

**पनडुब्बी के डिजाइन को लेकर जताई गई थी चिंता :** टाइटन के डिजाइन को लेकर तब चिंता जताई गई, जब इसके निमार्ता ने स्वतंत्र सुरक्षा जांच के लिए प्रस्तुत होने से इनकार कर दिया। इसके बाद, ओशनगेट कंपनी, जिसके पास पनडुब्बी का स्वामित्व था, ने जुलाई 2023 में अपने परिचालन को रोक दिया।

### लापता पनडुब्बी में ये लोग थे शामिल

लापता पनडुब्बी में पाकिस्तानी अरबपति शहजादा दाऊद और उनके बेटे सुलेमान, ब्रिटेन के व्यवसायी हामिश हार्डिंग, पनडुब्बी का संचालन करने वाली कंपनी ओशनगेट के सीईओ स्टॉकटन रश समेत पांच लोग सवार थे। फ्रेंच एक्सप्लोरर पॉल हेनरी नागोलेंट भी इस पनडुब्बी में सवार थे। **गोता लगाने के दौरान पनडुब्बी में आ गई थी खराबी :** तटरक्षक दल का एक पैनल पनडुब्बी हादसे की जांच कर रहा है, जिसने पिछले सितंबर में दो सप्ताह तक गवाही सुनी।

## ट्रंप ने स्टील-एल्युमीनियम पर 25% टैरिफ लगाया व्हाइट हाउस ने कहा- मौजूदा खामियों को दूर करना मकसद




**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्टील पर 25 फीसदी और एल्युमीनियम पर भी 25 फीसदी टैरिफ लगाने के लिए एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। इस बारे में व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्टील और एल्युमीनियम पर टैरिफ लगाने का मकसद मौजूदा खामियों और छूटों को बंद करना है।

प्रेस सचिव लेविट ने बुधवार (स्थानीय समयानुसार) को एक प्रेस ब्रीफिंग को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिका के इस्पात और एल्युमीनियम उद्योगों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं, जैसा कि उन्होंने अपने पहले कार्यकाल के दौरान किया था।

लेविट ने कहा, 'राष्ट्रपति ने स्टील पर वास्तविक 25 फीसदी टैरिफ बहाल करने और एल्युमीनियम पर टैरिफ को 25 फीसदी तक बढ़ाने के लिए मौजूदा खामियों को दूर करने के लिए घोषणापत्रों पर हस्ताक्षर किए। ट्रंप प्रशासन का मानना है कि ये टैरिफ हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करेंगे और अमेरिकी श्रमिकों को प्राथमिकता देंगे।'


इसके अलावा, प्रेस सचिव ने बताया कि तुलसी गबार्ड को राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के रूप में पुष्टि की गई है। गबार्ड का शपथ ग्रहण समारोह व्हाइट हाउस में होगा।

**बाकी नामांकितों की भी जल्द पुष्टि जरूरी: लेविट**

कैरोलिन लेविट ने कहा, 'आज सुबह एक अन्य महत्वपूर्ण मामले में, सीनेट रिपब्लिकन ने राष्ट्रपति ट्रंप के योग्य नामांकितों की पुष्टि करना जारी रखा, जिसमें सबसे हाल ही में राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड शामिल हैं, जो बाद में अपने शपथ ग्रहण समारोह के लिए व्हाइट हाउस में हमारे साथ शामिल होंगी। यह जरूरी है कि राष्ट्रपति के कैबिनेट के बाकी नामांकितों की भी जल्द से जल्द पुष्टि की जाए।'

सीनेट ने 52-48 के वोट से की गबार्ड की पुष्टि मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिकी सीनेट ने बुधवार को पूर्व डेमोक्रेटिक प्रतिनिधि तुलसी गबार्ड को राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के रूप में पुष्टि करने के लिए मतदान किया। सीनेट ने गबार्ड की पुष्टि 52-48 के वोट से की। हालांकि, केंटकी के रिपब्लिकन सीनेटर मिच मैककोनेल पुष्टि का विरोध करने के लिए डेमोक्रेट में शामिल हो गए।

## हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत-अमेरिका के लिए चीन से सबसे बड़ा खतरा



**वॉशिंगटान।** अमेरिका के सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज में भारत और उभरते एशिया अर्थशास्त्र के अध्यक्ष रिचर्ड रोसो ने कहा है कि भारत और अमेरिका दोनों इस बात को समझते हैं कि चीन इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सबसे बड़ा खतरा है। इसके साथ ही, दोनों देश इस बात को लेकर चिंतित हैं कि नई और महत्वपूर्ण टेक्नोलॉजी के लिए चीन पर ज्यादा निर्भरता खतरनाक हो सकती है। 'दोनों देशों की चिंताओं का केंद्र अलग-अलग' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बैठक से पहले रिचर्ड रोसो ने कहा कि दोनों देशों की चिंताओं का मुख्य केंद्र थोड़ा अलग है - भारत के लिए मुख्य चिंता उसकी सीमा और हिंद महासागर क्षेत्र है, जबकि अमेरिका के लिए ताइवान स्ट्रेट, दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर ज्यादा अहम हैं। व्यापार को लेकर अमेरिका का रुख क्या रहेगा? रिचर्ड रोसो ने यह भी कहा कि यह देखना अहम होगा कि राष्ट्रपति ट्रंप भारत में उत्पादन निवेश को बढ़ाने में मदद करेंगे या अमेरिका में ही निवेश लाने पर जोर देंगे। अमेरिका और भारत के व्यापारिक संबंधों को लेकर उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के अच्छे संबंध हैं।

## थम जाएगी एक और जंग- ट्रंप ने पुतिन-जेलेंस्की से फोन पर की लंबी बात, युद्धविराम के लिए तत्काल शुरू होगी वार्ता




**वॉशिंगटन ।** इस्साइल हमास के बीच युद्धविराम कराने के बाद अब ट्रंप का ध्यान रूस और यूक्रेन युद्ध खत्म कराने पर है। इस बाबत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से फोन पर लंबी बातचीत की। वार्ता के बाद ट्रंप ने कहा कि युद्ध खत्म करने के लिए वार्ता तत्काल शुरू करने पर सहमति बनी है। व्हाइट हाउस ने भी इस बारे में बयान जारी किया है। ट्रंप ने बुधवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि पुतिन से करीब डेढ़ घंटे तक बातचीत हुई। वे यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए बातचीत पर सहमत हो गए हैं। उम्मीद है कि जल्द ही यूक्रेन युद्ध भी समाप्त होगा। वहीं, जेलेंस्की ने कहा कि ट्रंप के साथ शांति, सुरक्षा पर बात हुई। ट्रंप ने पुतिन के साथ हुई बातचीत का जिक्र करते हुए कहा, हमने तय किया है कि दोनों देश आपसी हितों को ध्यान में रखते हुए मिलकर काम करेंगे। पुतिन के साथ बातचीत को सार्थक बताते हुए ट्रंप ने कहा कि उन्होंने विदेश मंत्री मार्को रुबियो, सीआईए के निदेशक जॉन रैटक्लिफ, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज और विशेष दूत स्टीव विटकॉफ से वार्ता का नेतृत्व करने के लिए कहा है। वार्ता के दौरान पुतिन ने ट्रंप को रूस आने के लिए आमंत्रित भी किया। गौरतलब है कि अमेरिका व रूस के बीच यह नरमी हाल में कैदियों की अदला-बदली के बाद आई है।

**जेलेंस्की ने कहा- ट्रंप के साथ शांति और सुरक्षा पर हुई बात :** वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ शांति, सुरक्षा और आर्थिक सहयोग पर दस्तावेज तैयार करने के लिए चर्चा हुई। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप से हुई बातचीत के बारे में पोस्ट भी किया। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने उन्हें रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अपनी बातचीत के बारे में भी बताया।

## पीएम मोदी-डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात पर दुनिया की नजर

**वॉशिंगटन ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी पहुंच गए हैं, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी के वाशिंगटन डीसी पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने ठंड और बारिश के बावजूद भी 'भारत माता की जय' और 'मोदी मोदी' के नारे लगाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पीएम मोदी की अमेरिकी




राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बैठक भी करेंगे, ये ट्रंप दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद उनकी पहली द्विपक्षीय बैठक होगी। **ट्रंप के साथ बैठक से पहले प्रमुख मुलाकातें :** पीएम मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बैठक से पहले कई अहम लोगों से मुलाकात करेंगे। जिसमें अमेरिकी खुफिया एजेंसी (डीएनआई) की निदेशक तुलसी गबार्ड से उनकी मुलाकात हो चुकी है। वहीं पीएम मोदी व्हाइट हाउस में मशहूर उद्योगपति एलन मस्क समेत कई अन्य व्यापारिक नेताओं से बातचीत कर सकते हैं।

## ताइवान में डिपार्टमेंटल स्टोर में विस्फोट चार व्यक्ति की मौत, 26 अन्य घायल



**नई दिल्ली ।** ताइवान में गुरुवार को एक डिपार्टमेंटल स्टोर यानी बड़ी दुकान में हुए विस्फोट में चार व्यक्तियों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए। दमकल अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट ताइचुंग शहर के शिन कोंग मित्सुकोशी डिपार्टमेंट स्टोर की 12वीं मंजिल पर स्थित फूड कोर्ट यानी खाने पीने के स्थान पर हुआ। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कई की हालत गंभीर बनी हुई है।

मकाऊ के पर्यटन कार्यालय के मुताबिक, मृतकों में मकाऊ से आए दो लोग भी शामिल हैं। स्थानीय मीडिया ने बताया कि वे सात लोगों के एक परिवार का हिस्सा थे, जो घूमने के लिए वहां गए थे।

अन्य पांच लोग भी घायल हुए हैं, जिनका इलाज अब ताइचुंग के स्थानीय अस्पतालों में चल रहा है।

### इमारत के बाहरी हिस्से क्षतिग्रस्त

घटनास्थल पर कई अग्निशमन कर्मियों को तैनात किया गया है। विस्फोट में इमारत के बाहरी हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए और मलबे के टुकड़े सड़कों पर बिखरे पाए गए। ताइचुंग के ह्यडिप्टी मेयरह्ल चेंग चाओ-सिन ने कहा कि उन्हें बताया गया है कि धमाका संभवतः गैस विस्फोट के कारण हुआ है। हालांकि, अब तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

**सटीक कारणों का पता लगाने के लिए जांच भी की जा रही :** ताइचुंग की मेयर लू शिओ-येन ने घटनास्थल पर संवाददाताओं को बताया कि उन्होंने पास में स्थित अपने कार्यालय में भी झटका महसूस किया। उन्होंने कहा कि अग्निशमन ब्यूरो पहले बचाव अभियान पर फोकस करेगा। इसके साथ ही सटीक कारणों का पता लगाने के लिए जांच भी की जा रही है। अधिकारी यह भी देख रहे हैं कि क्या खतरे के अन्य स्रोत भी हैं।

# मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (अर्बन) के अंतर्गत चल रहे कार्यों का नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने लिया जायजा, कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

## सी एम ग्रिड के अंतर्गत मोहन नगर तथा वसुंधरा जोन में आएगी बहार, चयनित मुख्य सड़कों का प्रारंभ हुआ जीर्णोद्धार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा मोहन नगर चौराहे पर पहुंचकर सी एम ग्रिड अंतर्गत चल रहे कार्यों का जायजा लिया गया, मौके पर जलकल विभाग तथा विद्युत विभाग के चल रहे कार्यों का जायजा लिया गया कार्यों की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश टीम को दिए साथ ही निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए भी कहा गया मौके पर मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी व निर्माण की अन्य टीम उपस्थित रही, गुणवत्ता पूर्वक कार्य हो मौके पर निर्माण सामग्री का भी जायजा लिया गया।







नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि सी एम ग्रिड योजना में चल रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया मोहन नगर चौराहा के साथ-साथ एलिवेटेड रोड पर चल रहे काम का भी निरीक्षण किया गया, मोहन नगर के साथ-साथ वसुंधरा जोन में भी लगभग 500 करोड़ की लागत से सी एम ग्रिड के अंतर्गत कई प्रमुख मार्गो को लिया गया है जिसमें वैशाली सेक्टर चार पांच की सड़क हर्षवर्धन मार्ग ईडीएम मॉल मार्ग चौधरी चरण सिंह मार्ग को शामिल किया गया है इसी के साथ काला पत्थर से जुड़े हुए कई मार्गों को भी योजना के अंतर्गत लिया गया है जिसमें कावेरी मार्ग, सुशील नैयर मार्ग, शिप्रा मॉल मार्ग, शाहिद कैप्टन मनोज पांडे मार्ग, शाहिद देवेंद्र सिंह जस मार्ग, कस्तूरबा गांधी मार्ग, व अन्य को लिया गया है जिनका सौंदर्य करण किया जाएगा, जिसकी टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।

मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी द्वारा बताया गया कि माननीय महापौर तथा नगर आयुक्त महोदय की निर्देश के क्रम में मोहन नगर जोन अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम के कार्य चल रहे हैं जिनकी लगातार निर्माण विभाग मॉनिटरिंग कर रहा है वसुंधरा तथा इंदिरापुरम क्षेत्र में भी आगामी दो माह में कार्य प्रारंभ किए जाएंगे कार्य योजना बनाई जा चुकी है गाजियाबाद नगर निगम द्वारा सी एम ग्रिड योजना के क्रम में वसुंधरा तथा मोहन नगर जोन के मुख्य मार्गो को एक नया सुंदर स्वरूप देने के लिए कार्यवाही चल रही है जो की सराहनीय है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको बता रहे हैं अंदर की बात? यूं ही तुक्के में नहीं किया है कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने धार्मिक पाठ? हमें पता चला है उन्हें अपने स्वर्गीय दादा जी से हुआ है तमाम ज्ञान प्राप्त? वेद पुराणों पर उनके दादा जी करते थे उनसे बहुत ज्यादा बात? देते थे वो उनको रामायण से लेकर गीता तक की सीख? इसलिए मंत्री जी ने संभाला चार घंटे तक धार्मिक मंच? दादा जी का दिया ज्ञान, कर रहा था इस बात की तस्दीक?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पापड़ मेकिंग वाले जनपद से आ रहे हैं ठाकुर रिटर्न के संकेत? कहने वाले ने कहा वेस्टर्न वालों से लेकर प्रदेश वालों ने कोर में बेस्ट माना था ये फेस? जिसके बाद इस चेहरे का बेस हो गया मजबूत? कहने वाले ने कहा इनकी पुनः ताजपोशी का हमें शब्दों से दिया है किसी ने सबूत? बताई है हमको अंदर की बात? हो रहा है ठाकुर रिटर्न, इस बात को लिखकर रख लो आप?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको बता रहे हैं अंदर की बात? अगर सबकुछ ठीक रहा होता तो अध्यक्ष वाली दावेदारी में बन जाती मिस्टर कुशवाहा की बात? सुना है किसी ने पहले हां कहकर बाद में निभा लिया ना वाला किरदार? इसी से पलट गई पूरी बाजी? इसी से मामला हो गया बाहर? कहने वाले ने कहा ये भगवागढ़ की राजनीति है? यहां कभी भी कोई हो सकता है अंदर, कभी भी कोई हो सकता है बाहर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें है हमारे विधायक संजीव शर्मा से पूरी आस? भले ही वो हमारे एरिया को दुबई ना बना पायें, मगर हमें यकीन है वो यहां का करेंगे गुडगांव की तरह विकास? वो जब से विधायक बने हैं तब से कुछ ना कुछ विकास का दे रहे हैं संदेश? सच बतायें हमें अच्छा लग रहा है चुन कर उनका फेस? सबसे बड़ी बात ये है कि क्षेत्र के विकास को लेकर उन्होंने विजय नगर में बनाया है अपना बेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारी सलाह पहुंचा देना भगवा पहलवान के पास? हम हैं उनके शुभचिंतक, वो हैं हमारे बहुत ही खास? तो इतनी ही देना चाहते हैं उनको सलाह? वो अपने फ्रेंड के साथ शहर में ही शिफ्ट हो जायें, तभी होगा उनका भला? वहां पर मजबूती से खुद के लिए और दोस्त के लिए तैयार करें वो जमीन? क्योंकि मंत्री जी की सक्रियता का दिख रहा है हमें कुछ और ही सीन? बाकी उनकी मर्जी है हमने तो लगायी अपने दिल की अर्जी है?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि सौंफ वाले भले ही हो गये हों अपनी भगवा कमिश्नरी से पूर्व? मगर हम देख रहे हैं वो आज भी पहलवान और पहलवान के दोस्त से प्यार करते हैं अभूतपूर्व? सोशल मीडिया पर वो दोनों की खुल कर करते हैं जिंदाबाद? इससे ये साफ होता है कि उनमें नहीं है अवसरवादिता वाला भाव? पूर्व रहकर भी वो हैं दोनों के साथ? सौंफ की खुशबू पहले की तरह बरकरार है साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे सपा के वरिष्ठ नेता अभिषेक गर्ग के नजदीक? सच बतायें हमें उनकी एक बात लगी बहुत ही ठीक? उन्होंने कहा हमें अधिकारियों से नहीं करनी चाहिए तकरार? उनका तो होता है क्षेत्र में किरायेदार वाला किरदार? आज इधर तो कल उधर होंगे उनके दीदार? हमें मुद्दों को लेकर सत्ता पक्ष से तार्किक रूप से रखने चाहिए अपने विचार? ये भी ध्यान रखना चाहिए कि इस सबके बीच सभी से ठीक रहे हमारा व्यवहार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे गाजियाबाद से एक बड़े जनप्रतिनिधि के नजदीक? हमने जब उनके शब्द सुने तो लगा जनप्रतिनिधि को अपने भतीजे के 100प्रतिशत अध्यक्ष बनने की है उम्मीद? उन्होंने चेहरे पर लेकर मुस्कुराहट दे दिया संदेश? कहा हमें लगता है आ रहा है हमारे भतीजे का नंबर? बड़ा संघर्षवादी रहा है इनका फेस? इसलिए हमें जो है सूचना, उसके अनुसार फाईनल होता दिख रहा है इनका केस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आने लगे हैं फिर से क्रान्तिकारी त्यागी जी के सोशल मीडिया पर वीडियो? वो साध रहे हैं इस वक्त विपक्षी दलों पर निशाना? कहने वाले ने कहा उनके शब्द हमेंशा क्रान्तिकारी होते हैं? उनकी राजनीति में आसान है छोड़े हुए तीर का घूम जाना? ना जाने कब लग जाये उनके दिल पर कोई बात? आ जाये कोई दर्द भरा वीडियो जनता के हाथ? हमें इसलिए हो रहा है टपके का डर? क्योंकि फिर से उन्होंने वीडियो बनाने की कर दी है शुरूआत?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि सांवरिया जी की तेजी दे रही है ना जाने किस बात के संदेश? आज कल बहुत ज्यादा एक्टिव किया हुआ है उन्होंने अपना फेस? समाजिक कार्यक्रमों से लेकर राजनीतिक कार्यक्रमों में वो भर रहे हैं पूरी शिद्दत से उड़ान? ऐसा लग रहा है उन्होंने अभी से बनाना शुरू कर दिया है 2027 का प्लान? उनकी सांवरियां सी मुस्कुराहट के पीछे छुपा है यही संदेश? साहिबाबाद, शहर या मुरादनगर में से पार्टी किसी एक विधानसभा पर जरूर उतारेगी वैश्य फेस?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# डॉ.अतुल जैन और अंजू जैन ने प्राथमिक पाठशाला नासिरपुर के बच्चों के बीच मनाई वैवाहिक वर्षगांठ



## पति-पत्नी ने बच्चों को बांटी मिठाई

### छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष और टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव डॉ.अतुल कुमार जैन अपनी धर्मपत्नी अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवयित्री अंजू जैन के साथ अपनी वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर प्राथमिक पाठशाला नासिरपुर पहुंचे और वहां के प्यारे-प्यारे बच्चों और छात्र-छात्राओं के साथ मिष्ठान ग्रहण किया और कराया साथ ही सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामनाएं की।

विभिन्न कक्षाओं के सभी छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से प्रतिदिन स्कूल में आकर प्रत्येक कक्षा में ध्यान से मन लगाकर पढ़ने के लिए आवाह्न किया, बच्चे काफी उत्साहित और प्रसन्न थे उनको देखकर अति प्रसन्नता हुई।

विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षक गण भी इस अवसर पर उपस्थित रहे उनको भी शुभकामनाएं देते हुए निवेदन किया कि सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देकर एक अच्छे नागरिक बनाने में योगदान दें जिससे यह सभी बच्चे, छात्र-छात्राएं बड़े होकर अच्छे राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके।

# लोनी क्षेत्र में की गई अवैध निर्माणों पर वृहद कार्रवाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष द्वारा अवैध निर्माणों पर रोकथाम हेतु कार्यवाही करने के लिए सख्त निर्देश दिये गये है, जिसके क्रम में प्रवर्तन जोन-8 के द्वारा गुरुवार को उ०प्र० नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा-14 व 15 के प्राविधानों के अन्तर्गत श्री शैलेन्द्र पुत्र श्री रामबाबू द्वारा गढी जस्सी लोनी स्थित पूर्व निर्मित अवैध कालोनी में खड़ंजे से निर्मित सड़क, भूखण्डों की बाउण्ड्रीवाल एवं खसरा संख्या-287, 267, 353 ग्राम अगरौला स्थित श्री आलम व श्रीमती अभिलाषा द्वारा पूर्व निर्मित कालोनी में लगभग 40 भूखण्डों की बाउण्ड्रीवाल का ध्वस्तीकरण स्थानीय पुलिस एवं प्राधिकरण पुलिस बल की सहायता से किया गया।

उक्त ध्वस्तीकरण कार्यवाही के समय सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता समस्त सुपरवाईजर, प्राधिकरण पुलिस दस्ता एवं क्षेत्रीय पुलिस बल उपस्थित रहे। इसके साथ यह भी निर्देश दिए गए कि किसी भी निर्माणकर्ता/विकासकर्ता के द्वारा अवैध रूप से कालोनिया विकसित की जाती है, तो उनके विरुद्ध ध्वस्तीकरण के साथ-साथ नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी। आम जन मानस से अपील की जाती है कि किसी भी अवैध कालोनी मे संपत्ति का क्रय/विक्रय न करें।

# महामंडलेश्वर जलेश्वर आनंद गिरि महाराज का लोनी में भव्य स्वागत

**लोनी, करंट क्राइम।** जल वाले गुरुजी से जलेश्वर आनंद गिरि जी महाराज बने महामंडलेश्वर का गुरुवार प्रयाग से लौटने पर लोनी में भव्य स्वागत किया गया। थाना लोनी बॉर्डर से जल वाले मंदिर तक श्री गुरु जी फूलों से सजी बग्घी में बैठकर गए। रास्ते में क्षेत्र के निवासियों ने अनेक स्थानों पर फूल माला पहनकर उनका भव्य स्वागत किया। जलवाले मंदिर में पहुंचकर गुरुजी ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की और उपस्थित पत्रकारों को बताया कि महामंडलेश्वर बनने के लिए उन्होंने न तो कभी प्रयास किया और न ही उनके मन में कभी ऐसी कोई इच्छा रही है। यह तो संत समाज की उनसे अपेक्षा है और मां भगवती का उनके लिए आदेश है जो वे आज नए दायित्व के साथ इस नई वेशभूषा में आपके समक्ष उपस्थित हैं।

गुरु जी ने कहा वह जल वाले मंदिर में सेवा करते रहेंगे और अखाड़ा उन्हें जो भी कार्य सौंपेगा उसको भी वे बड़ी जिम्मेदारी से पूरा करेंगे। महामंडलेश्वर बने जल वाले गुरु जी ने जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक व अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्री हरि गिरी जी महाराज सहित उन सभी संतों का धन्यवाद प्रकट किया जिन्होंने उन्हें महामंडलेश्वर के दायित्व के योग्य समझ और उन्हें जूना अखाड़े के साथ जुड़कर सनातन धर्म के उत्थान के लिए कार्य अवसर प्रदान किया।

# सीवर जाम की समस्या से जूझ रहा पूरा इंदिरापुरम : अनिल तोमर





**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** पूरे इंदिरापुरम में सीवर की गंभीर समस्या बनी हुई है। हर जगह सीवर ओवरफ्लो और सीवर जाम हो रहा है। इसी को लेकर गुरुवार को नीति खंड 3 में सीवर की सफाई कराई गई और अपने साथी पार्षद धीरज अग्रवाल के साथ परविंदर यादव, दिनेश अधिकारी और साथियों के साथ सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया गया जिसमें की कई अनियमितताएं पाई गई। लाइट जाने पर जनरेटर नहीं चलाया जाता जिससे सीवर ओवरफ्लो करते हैं। इनके बड़े अधिकारी सुनील कुमार सिंह से बात की जोकि हइअऋकंपनी के हेड हैं जिसके पास रळढ का कॉन्ट्रैक्ट हैजो प्रॉब्लम के सॉल्यूशन में सहयोग नहीं कर रहे हैं और लोगों से मिस बिहेव करते हैं। इसी समस्या को लेकर नगर आयुक्त को एक पत्र लिखा और समस्या का समाधान जल्दी से जल्दी करने का आग्रह किया।

# जेईई मेन परीक्षा परिणाम घोषित, नेहरू वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने आशातीत सफलता प्राप्त की

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जेईई मेन परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया, जिसमें नेहरु वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद के छात्रों ने आशातीत सफलता प्राप्त की। कुल परीक्षा परिणाम में 23 छात्रों ने 99.99 से 90.00 परसेंटाइल के बीच अंक प्राप्त किए, जो विद्यालय, विद्यार्थियों व अभिभावकों के लिए हर्ष का विषय है। सफल छात्रों का ब्यौरा इस प्रकार है-

सक्षम गर्ग 99.996%, अराध्य अग्रवाल 99.87, कियांश गर्ग 99.82, मानव यादव 99.54, ओजस सचदेवा 99.23, दिव्यांशी श्रीवास्तव 99.03, वेदास्तव मिश्रा 98.78, वात्सल्य श्रीवास्तव 98.72, पार्थ गोयल 98.53, प्रथित गोदाम 98.406, गौरव गुप्ता 98.33, मधुश्रेया 97.99, नौवेश कौशिक 96.03, मेहित भारद्वाज 95.7, निकुंज भारद्वाज 95.6, आरव मलिक 95, प्रगति सिंघल 94.56, विवान श्रीवास्तव 94.2, औजस्व पटेरिया 93.48, सामिक स्वरुप बिस्वाल 91.79, ध्रुव मित्तल 91.75, सुवान गुप्ता 91.68, सिद्धी बंसल 91.6।

अब अगली परीक्षा जे०ई०ई० मेंस अप्रैल में होगी जिसमें एक बार फिर छात्रों को अपना दम दिखाना होगा। नेहरु वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद का विद्यालय प्रबन्धन, निदेशक अरुणाभ सिंह, एग्जीक्यूटिव हैड़ सुजैन होम्स व अध्यापक वर्ग सभी अपनी शुभकामनाएँ छात्रों व उनके अभिभावकों को देते हैं ताकि वे अपनी भविष्य की परीक्षा में भी सफलता प्राप्त कर सकें।

# उत्तर प्रदेश की तरह दिल्ली का भी होगा विकास : एडवोकेट मनोज भाटी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर कार्यकारिणी सदस्य भाजपा एडवोकेट मनोज भाटी ने कहा कि जिस तरह से योगी ने उत्तर प्रदेश का विकास किया है। इस तरह भाजपा सरकार में दिल्ली का भी विकास संभव हो सकेगा जिस तरह उत्तर प्रदेश में योगी ने अपने सुशासन नेक नियत और कुशल नेतृत्व से अपराध पर नियंत्रण महिलाओं की सुरक्षा स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और बुनियादी ढांचे का विकास किया है इस तरह से अब दिल्ली भी अपराध से मुक्त होगी और महिलाओं को सुरक्षा मिलेगी, दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाएं भी पहले से बेहतर हो सकेंगी।

# 11वीं के छात्र से एक लाख रुपए की रंगदारी, मना करने पर की मारपीट

**पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब दोनों आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है।**



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के पूर्व महामंत्री घनश्याम तिवारी के बेटे से दो युवकों ने मारपीट कर एक लाख रुपए की रंगदारी मांगी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 11 फरवरी की है, जब वैभव तिवारी दूध लेने गया था। वैभव, जो 11वीं कक्षा का छात्र है, को मैनपुरी निवासी राजकुमार (18) और सुल्तानपुर निवासी राजगिरी (19) ने फोन कर बुलाया। दोनों वर्तमान में खोड़ा और दिल्ली में रहते हैं। आरोपियों ने वैभव से एक लाख रुपए की मांग की और जान से मारने की धमकी दी। जब वैभव ने पैसे देने से मना किया, तो दोनों ने उसके साथ मारपीट की और फरार हो गए। घनश्याम तिवारी, जो वर्तमान में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के खोड़ा स्थित कार्यालय का कार्यभार संभालते हैं, ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब दोनों आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मैरिज एनिवर्सरी की खुशी को शिक्षाविद तथा लोहा व्यापार मंडल अध्यक्ष अतुल जैन ने फेसबुक पर साझा किया। उन्होंने अपनी सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा का सम्पूर्ण क्रेडिट अपनी जीवन साथी अपनी पत्नी अंजू जैन को दिया। रिश्तों के खुशनुमा अहसास को खुद में समेटे यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।